


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

ग्रीन कलर की साड़ी पहने ...8



दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

सोमवार, 28 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 338 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर आया गिरिराज सिंह का बयान, कहा देश के विकास के लिए विधेयक जरूरी

पटना। भाजपा नेता गिरिराज सिंह आमतौर पर अपने बयानों के चलते चर्चा में बने रहते है। अब गिरिराज सिंह ने एक बार फिर से अहम मुद्दे पर बयान देकर सुर्खियां बटोरी है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक को लेकर अब भाजपा नेता गिरिराज सिंह का बड़ा बयान आया है। बढ़ती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के लिए जनसंख्या नियंत्रित करना महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे पास संसाधन सीमित मात्रा में ही है। उन्होंने कहा कि अगर भारत तेजी से विकास करना चाहता है तो ये जरूरी है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाए।



दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित जनसंख्या नियंत्रण रैली के दौरान उन्होंने कहा कि देश में ये कानून नहीं बना तो देश में सामाजिक समरसता और एकता नहीं बचेगी। देश का विकास करने के लिए इस कानून का होना बेहद अहम है। उन्होंने चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 1978 से पहले चीन की जीडीपी भारत से कम थी, मगर आज चीन भारत से विकसित है, क्योंकि यहां वन चाइल्ड पॉलिसी लागू है। उन्होंने कहा कि चीन में एक मिनट में 10 बच्चे पैदा होते हैं जबकि भारत में एक मिनट में 30 बच्चे पैदा होते है। अगर हमारे देश की जनसंख्या ऐसे ही तीन गुणा तेजी से बढ़ती रही तो हमारे लिए चीन का मुकाबला करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ये एक महत्वपूर्ण विषय है। ये समझना बेहद जरूरी है कि हमारे पास संसाधन बेहद सीमित है। इनका उपयोग सही दिशा में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कानून को जनसंख्या बिल देश के सभी धर्म संप्रदायों के लोगों पर लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को लाकर पूरे देश में समान रूप से इसे लागू करना चाहिए। जो भी इस कानून का पालन नहीं करेगा उसे सरकारी योजनाओं का लाभ ना देते हुए बेदखल करना चाहिए। ऐसे लोगों से वोटिंग का अधिकार भी सरकार को छिन लेना चाहिए।

## गुजरात में बन रही आम आदमी पार्टी की सरकार, अरविंद केजरीवाल ने किया दावा

नई दिल्ली। गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कागज पर लिखकर दिया है कि राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार ही बनेगी। उन्होंने कहा कि गुजरात में आप के प्रदर्शन को देखकर बीजेपी के होश उड़ गए है और पार्टी बौखला गई है। बता दें कि अरविंद केजरीवाल गुजरात चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले दो दिवसीय सूरत की यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि 27 वर्षों तक सत्ता में रहने वाली बीजेपी गुजरात के लोगों पर ही हमला कर रही है। लोग डरे हुए है। उन्होंने दावा किया कि



बीजेपी के मतदाता भी आप पार्टी को ही वोट देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में पुरानी पेंशन लागू की जाएगी। राज्य में सरकार बनने तक 31 जनवरी तक ओल्ड पेंशन स्कीम जारी की जाएगी। सरकार में कई कच्चे कर्मचारी, ड्राइवर, कंडक्टर और होमगार्ड आदि हैं जिनके ढ़ेरों मुद्दे है। इन सभी कर्मचारियों की समस्याओं को दूर किया जाएगा। उन्होंने दिल्ली और पंजाब में बनी सरकारों का जिक्र करते हुए कहा कि मेरी भविष्यवाणी सच निकली है। वर्ष 2014 के चुनाव में दिल्ली में कहा था कि इस बार कांग्रेस जीरो पर होगी और वैसा ही हुआ था। पंजाब चुनाव के दौरान की गई सभी भविष्यवाणियां भी सही साबित हुई है। मैंने नवजोत सिंह सिद्धू, चन्नी, बादल परिवार को लेकर जो भी बातें कही सच साबित हुई। ऐसे में अब गुजरात चुनाव को लेकर की गई भविष्यवाणी भी सच साबित होगी। इस दिन होगा चुनावः गुजरात में विधानसभा चुनावके लिए दो चरणों में, एक और पांच दिसंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती हिमाचल प्रदेश के साथ ही आठ दिसंबर को होगी। गुजरात की कुल 182 सदस्यीय विधानसभा के लिए पहले चरण में 89 सीटों पर और दूसरे चरण में 93 सीटों पर मतदान होगा। बता दें कि गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी 2023 को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 99 सीट जीती थीं जबकि कांग्रेस को 77 सीट मिली थीं। प्रतिशत के लिहाज से देखा जाए तो उस चुनाव में भाजपा को 49.05 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस को 42.97 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के कई विधायक भाजपा में शामिल हो गए। इस वजह से विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या बढ़कर 111 हो गई जबकि कांग्रेस के सदस्यों की संख्या घटकर 62 पर पहुंच गई।

## पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया जी20 अध्यक्षता का जिक्र, कहा: ये देश के लिए बड़ा मौका

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 नवंबर को देशवासियों से श्मन की बातश करते हुए जी20 अध्यक्षता के बारे में जिक्र किया। उन्होंने बताया कि देश को ळ20 की अध्यक्षता मिली है, जो भारत के लिए बड़ा मौका है। इस बड़े मौके से भारत के देशवासी को किसी न किसी रूप में जरूर जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले ही उन्हें इससे संबंधित एक वेबसाइट को लॉन्च करने का मौका मिला था। इसके लिए लोगो का चयन भी एक पब्लिक प्रतियोगिता के जरिए किया गया है। उन्होंने कहा कि देश को इस बड़े समारोह की मेजबानी करने का मौका मिला है जिससे सभी का सीना चौड़ा हो गया है। ळ20 की वैश्विक जनसंख्या मे दो तिहाई, वैश्विक ट्रेड में




तीन चौथाई, वैश्विक जीडीपी में 85ः भागीदारी है। भारत एक दिसंबर से इसकी अध्यक्षता करेगा, जो देश के लिए बड़ा अवसर लेकर आया है। इसका लाभ उठाने के लिए ग्लोबल गुड, वैश्विक कल्याण पर केंद्रित रहना होगा। उन्होंने जी20 समारोह की थीम का जिक्र करते हुए खहा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर की जो थीम दी है उसे वसुधैव कुटुंबकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता दिखती है। आगामी दिनों में देश के कई हिस्सों में जी20 से संबंधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भारत के कई हिस्सों में दुनिया के अलग अलग देशों से लोग आएंगे। ये मौका है जब राज्य अपनी संस्कृति के विविध और विशिष्ट रंगों को दुनिया के सामने लाएंगे। जी20 में आने वाले लोग डेलिगेट का हिस्सा होंगे और भविष्य के टूरिस्ट भी होंगे।

स्पेस सेक्टर का भी किया जिक्रः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पेस सेक्टर में भारत के बढ़ते कदम का जिक्र करते हुए कहा कि 18 नवंबर को स्पेस सेक्टर में नया इतिहास बना। भारत ने अपना पहला रॉकेट शविक्रमदृ एसश अंतरिक्ष में भेजा, जिसे भारत के प्राइवेट सेक्टर ने डिजाइन और तैयार किया था। इस रॉकेट ने श्रीहरिकोटा से उड़ान भरी थी, जो देश का पहला स्वदेशी स्पेस स्टार्टअप था। ये ऐतिहासिक पल था जिसने हर भारतीय का सीना गर्व से ऊंचा किया। ये भारत में चतपअंजम `चंबम `मबजवत के लिए एक नए युग के उदय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ये देश में आत्मविश्वास से भरे एक नए युग का आरंभ है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे कभी कागज के हवाई जहाज बनाकर उड़ाते थे वो अब भारत में ही हवाई जहाज बना सकते है। चांद तारों की आकृतियां बनाने वाले बच्चों को अब भारत में ही रॉकेट बनाने का अवसर मिल रहा है। युवाओं के ये सपने भी साकार होंगे। रॉकेट बनाने वाले युवाओं को पता है कि भारत स्पेस सेक्टर में आगे बढ़ रहा है।

ड्रोन को लेकर कही खास बातः प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने जहां टेक्नोलॉजी की बात की वहीं उन्होंने इससे संबंधित इनोवेशंस का भी जिक्र किया है। उन्होंने ड्रोन के संबंध में कहा कि भारत ड्रोन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में हाल ही में ड्रोन की मदद से सेब ट्रांसपोर्ट किए गए थे। ड्रोन के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का बढ़ा एक्सपोर्टः उन्होंने म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का जिक्र करते हुए कहा कि बीते आठ वर्षों में वाद्य यंत्रों का एक्सपोर्ट बढ़कर तीन गुणा हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का एक्सपोर्ट 60 गुणा बढ़ा है। भारत के लिए गौरव की बात है कि भारतीय संस्कृति और संगीत दुनिया भर में प्रचलित हो रही है। भारत की खुशनसीबी है कि हमारे देश में म्यूजिक, डांस और आर्ट की संस्कृति इतनी समृद्ध है।

## ट्रैक्टर–ट्राली की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत, छह अन्य घायल

उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बिनौली थाना क्षेत्र में




मेरठ–बड़ौत मार्ग पर शादी समारोह से वापस लौटते समय एक बोलेरो सामने से आ रही ट्रैक्टर–ट्राली से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बिनौली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सलीम अहमद ने बताया कि बड़ौत–मेरठ मार्ग पर हिंडन नदी के पास शनिवार रात ईंटों से भरी ट्रैक्टर–ट्राली और बोलेरो कार की आमने सामने की टक्कर में ट्रैक्ट्टर–ट्रॉली में सवार खिवाई निवासी दिलशाद (35) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दोनों वाहन के चालक समेत कम से कम छह लोग घायल हुए हैं। एसएचओ के मुताबिक, हादसे से मेरठ–बड़ौत मार्ग जाम हो गया, जिसके बाद जेसीबी बुलवाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटवाया गया और यातायात को बहाल किया गया। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## अयोध्या पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने किया रामलला दर्शन पूजन

### एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

अयोध्या । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर रामजन्मभूमि परिसर में रामलला का दर्शन–पूजन किया और उनकी आरती की। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी मंदिर में भी पूजा अर्चना की। अयोध्या में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण और प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होने से पहले योगी ने



अपने दौरे में रामजन्म भूमि पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और अब तक की प्रगति की जानकारी हासिल की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने टेढ़ी बाजार पहुंचकर विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों व मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण किया। योगी अयोध्या में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की 46 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

## बदायूं में पशु क्रूरता के मामले में मारे गए चूहे का बरेली में होगा पोस्टमार्टम, पुलिस ने कहा पशु क्रूरता अधिनियम लागू नहीं

उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को डुबोकर मारे गए एक चूहे का शनिवार को बरेली के भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में पोस्टमार्टम किया गया। आईवीआर में वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार ने चूहे के शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम विभाग के प्रभारी अधिकारी डॉ. पवन कुमारने रविवारको बताया कि चूहे का पोस्टमार्टम हो गया है और अगले चार–पांच दिन में रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए के जादौन ने कहा कि चूहे की इस तरह हत्या पशु क्रूरता अधिनियम के तहत आती है। बदायूं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षकहरपालसिंह ने बताया किचूहेकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि पशु प्रेमी



विकेंद्र शर्मा ने शुक्रवार को बदायूं के बिजली उपकेंद्र के पास मनोज कुमारनाम के एक व्यक्ति को चूहे की पूंछ में धागे से पत्थर बांधने के बाद उसे नाले में फेंकते देखा था। चूहे को क्रूरता के साथ मारने को लेकर विक्रेंद्र की ओर से बदायूं कोतवाली में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई गई तो पुलिस ने मनोज को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की। विकेंद्र की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने चूहे के शव को सील कर बदायूं के पशु चिकित्सालय में भेजवाया, लेकिन वहां के कर्मचारियों ने संसाधनों के अभाव में पोस्टमॉर्टम करने से इनकार कर दिया। इसके बाद मृत चूहे के शव को पोस्टमार्टम के लिए आईवीआरआई, बरेली भेज दिया गया था। बदायूं नगर के पुलिस उपाधीक्षक आलोक मिश्रा ने बताया की चूहे को नाले में डुबोकर मारने की शिकायत मिली थी, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोज कुमार को थाने बुलाकर पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी। हालांकि,पुलिस उपाधीक्षक ने स्पष्ट किया कि चूहा पशु की श्रेणी में नहीं आता है, इसलिए पशु क्रूरता अधिनियम लागू नहीं होगा।




## श्रद्धा हत्याकांड : तिहाड़ जेल पहुंचा आफताब, ऐसे बीती श्रद्धा के आरोपी की रात

श्रद्धा हत्याकांड में आरोपी आफताब को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा है, जिसके बाद आरोपी की पहली रात तिहाड़ जेल में बीती है। आफताब को जेल नंबर चार में रखा गया है। सुरक्षा कारणों से आफताब की सेल में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। जेल अधिकारियों ने कहा कि आफताब जेल में बिना किसी टेंशन के घूम रहा है।

दरअसल दिल्ली पुलिस का कहना था कि श्रद्धा की हत्या के आरोपी आफताब ने पुलिस को लगातार बरगलाने की कोशिश की है। पुलिस जांच में आफताब सहयोग ना करते हुए जानकारी सही से नहीं दे रहा है। इस कारण उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वहीं जेल जाने के बाद जेल प्रशासन सतर्क हो गया है। उसकी सुरक्षा के लिए भी जरूरी इंतजाम किए गए है।

जानकारी के मुताबिक आफताब की सेल के बाहर एक पुलिसकर्मी तैनात रहेगा, जो आफताब के हर कदम पर नजर रख रहा है। आफताब को खाना देने से पहले उसके खाने की




जांच की जाती है, ताकि किसी तरह की कोई गड़बड़ी ना हो सके। आफताब को तिहाड़ जेल के नियमों के मुताबिक ही सादा खाना दिया गया है। खाने के बाद वो कंबल ओढ़कर आराम से रात भर सोया है।

बता दें कि पुलिस ने आफताब को अस्पताल से ही स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। माना जा रहा है कि आफताब का नार्को टेस्ट अब सोमवार को कराया जा सकता है। नार्को टेस्ट कराने के लिए पुलिस ने सभी तैयारी कर ली है। नार्को टेस्ट होने से पहले रोहिणी के अंबेडकर अस्पताल में आफताब का मेडिकल टेस्ट हुआ है, जिसमें नार्को टेस्ट करने के लिए जरूरी जांच की गई है।

जानें मामलाः राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में अपनी सह जीवन साथी श्रद्धा वालकर की हत्या करने का आरोप आफताब अमीन पूनावाला पर है। आरोपी ने कथित तौर पर 27–वर्षीय श्रद्धा का गला घोंट दिया और उसके शव के 35 टुकड़े कर दिये, जिसे उसने अपने महरौली स्थित आवास पर लगभग तीन सप्ताह तक 300 लीटर के फ्रिज में रखा और फिर कई दिनों तक शहर भर में फेंकता रहा था।

# वसुधैव कुटुंबकम भारतीय जीवन का आदर्श : प्रो. प्रतिभा गोयल

## —अवध विश्वविद्यालय में मनाया गया भारतीय संविधान दिवस

अयोध्या । डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर भारत लोकतंत्र की जननी विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि आज ही के दिन 26 नवम्बर, 1949 को संविधान निर्मित होने के साथ 26 जनवरी, 1950 को अंगीकृत हुआ। कुलपति ने कहा कि भारत में लोकतंत्र प्राचीन काल से ही रहा है। वैदिक काल से ही भारत वसुधैव कुटुंबकम के आदर्शों पर स्थापित रहा। उन्होंने कहा कि समूचा विश्व एक परिवार है। सभी भारतीय आदिकाल से समूचे विश्व को एक परिवार के रूप में समझते आए है। कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि अयोध्या भारत के लोकतंत्र की जन्मभूमि है। यहीं से पूरे विश्व में लोकतंत्र फैला है। रामराज्य में दैहिक, दैविक और भौतिक ताप किसी को नहीं व्याप्त था सभी सुखी थे, किसी को कोई संताप नही था। न ही कोई भेद—भाव था इसी शासन व्यवस्था के रामराज्य ने श्रीराम को मर्यादा पुरूषोंत्तम राम बना दिया। कुलपति ने कहा कि राजा से रंक तक सभी मर्यादा का पालन करते थे। संत शिरोमणि रविदास ने गुरूवाणी में बेगमपुरा का संदर्भ देते हुए कहा कि यह एक सभ्यता है जिसमें कोई दुःख संताप किसी को नही था। कुलपति प्रो0 प्रतिभा ने कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय के जीवन आदर्शों में जब समाज में न्याय अंतिम व्यक्ति तक पहुॅचे तभी लोकतंत्र के सही मायने सिद्ध हो सकते है। उन्होंने कहा कि सर्वोदय से अन्तोदय तक का लक्ष्य होना चाहिए। आज भारत लोकतंत्र के मामले में दुनियां को राह दिखा रहा है। इसके साथ ही संविधान अधिकार के साथ जिम्मेदारी भी देता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो0 आर0के0 मिश्र ने कहा कि लोकतंत्र आलोक के संस्कारों से आलोकित हो उसे लोकतंत्र कहा गया है। राजतंत्र सर्वोत्तम और श्रेष्ठ शासन की प्रणाली है। भारत की डेमोक्रेसी वेस्ट मिनिस्टर माडल है। प्रो0 मिश्र ने कहा कि भारत में धर्म तत्व पर जोर दिया गया है। राजनीति, समाज सभी का छोटी से बड़ी क्रिया तक में धर्म निहित है। भारतीय संस्कृति में चरित्र सबसे बड़ी पूॅजी मानी गई है। चरित्र से समाज एवं संस्थाएं बनती है। भारतीय दृष्टि में आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्य सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भारतीय दृष्टि आत्मोन्मुखी है। उदारता का अर्थ ह्दय की दुर्बलता नही है। भारत में संविधान को आर्य विधान भी कहा है। एक व्यक्ति का शासन राजतंत्र नही होता। राजा युग निर्माता होता है। राजा प्रजा का सबसे बड़ा गुरू भी होता है। आचरण का जीवन में बड़ा महत्व होता है। उच्च पदों पर बैठने वाले लोगों का आचरण भी उच्च होना चाहिए। यदि अतःकरण दूषित हो गया उसका कुछ भी नही हो सकता। उन्होंने भारतीय दर्शन में प्रकृति के नियमों का अपने ऊपर नियंत्रण पाना शिक्षा माना गया है। जिस राष्ट्र में आत्म ज्ञान लुप्त हो जाए वह स्वराज्य नही है। जब भाषा मरती है तो राष्ट्र जीवित नही रहता। आज का लोकतंत्र संख्या बल पर आधारित है। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह हम सभी को प्रेरणा देता है। कार्यक्रम विधि संकायाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार राय ने कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र की एक साक्षी विरासत है।

इसमें राजनीतिक मापदंड तय किए गए है। उसी में सभी का हित निहित है। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलपति प्रो0 गोयल व मुख्य अतिथि प्रो0 मिश्र द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके उपरांत अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर शाम्भवी मुद्रा शुक्ला द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 मुकेश वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 एमपी सिंह, प्रो0 जसवंत सिंह, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 फारूख जमाल, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार प्रो0 तुहिना वर्मा, डॉ0 आरएन पाण्डेय, डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, डॉ0 सुमनलाल, डॉ0 प्रत्याशा मिश्रा, डॉ0 स्वाति सिंह, डॉ0 स्नेहा सिंह, डॉ0 शैलेन वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छाध—छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में 50 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य

## सांसद लल्लू सिंह ने जनसभा की तैयारियों की किया समीक्षा

अयोध्या । शहर के जीआईसी मैदान में आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन की तैयारियों हेतु भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सांसद लल्लू सिंह द्वारा लगातार जनसभा की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। नगर निगम क्षेत्र हर घर से एक व्यक्ति को जनसभा में लाने का पार्टी ने लक्ष्य रखा है। इसलिए मण्डल स्तर पर प्रभारी बनाये गये है। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन के लिए अयोध्या मंडल का प्रभारी महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, करिप्पा मंडल का विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व देवकाली मंडल का प्रभारी महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा को बनाया गया है। नगर पालिका व नगर पंचायत से जनसभा में संख्या आने हेतु जिलाध्यक्ष संजीव सिंह लगातार पूरे जिले में भ्रमण कर रहे है। सांसद लल्लू सिंह द्वारा अपने कैम्प कार्यालय में नगर निगम व जिले की लगातार बैठकें ली जा रही है। जिसमें पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां भी सौंपी गयी है। भाजपा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में 50 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें नगर निगम क्षेत्र से 25 हजार व नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र से 25 हजार की संख्या जनसभा में आयेगी। महापौर पद के हेतु टिकट के दावेदारों को दो दो वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। पार्षद पद हेतु टिकट के दावेदारों में भी जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया है।उन्होने बताया कि सम्मेलन की प्रचार प्रसार हेतु पूरे जिले में होडिंग व बैनर लगाये गये है। सभा में आने के लिए विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। जिससे जो जिस रोड़ से आये उसे वहीं पार्किंग की व्यवस्था मिल जाये। जनसभा में जिम्मेदारियों को कार्यकर्ताओं की बड़ी टीम को लगाया है। पार्टी की तरफ से पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन विजय गुप्ता, मनमोहन जायसवाल, मनोज श्रीवास्तव, जितेन्द्र दूबे मिंट प्रधान, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, अभय सिंह, परमानंद मिश्रा, शैलेन्दर कोरी, अरविंद सिंह, प्रतीक श्रीवास्तव, राम कुमार सिंह राजू को जिम्मेदारियां सौपी गयी है।

# नकली उर्वरक विक्रेताओं पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

मिल्कीपुर—अयोध्या । उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी की छापेमारी के दौरान मिली संदिग्ध उर्वरक एवं खाली बोरी, सिलाई मशीन के मामले में दो उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। खंडासा पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुट गई है। उपनिदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा छापेमारी में अमानीगंज के पंचबली खाद भंडार में संदिग्ध उर्वरकों के 3 नमूने भरे गए थे और छापेमारी के दौरान मौके से फर्जी कृभको, इफको, नवरत्न, आईपीएल तथा उत्सव के 9 की खाली बोरी व पुरानी बोरा सिलाई मशीन धागे के साथ बरामद हुई थी। जिसके बाद उपरोक्त दुकान व गोदाम को सील कर दिया गया है। गुप्ता खाद भंडार पर छापेमारी के दौरान पुरानी बोरा सिलाई मशीन पाई गई गोदाम से संदिग्ध उर्वरकों के 3 नमूने ग्रहित किए गए और फर्जी नवरत्न तथा उत्सव के 9 की खाली बोरी बरामद हुई। जिसके बाद गुप्ता खाद भंडार की गोदाम और दुकान को सील कर दिया गया है। उप निदेशक कृषि संजय कुमार त्रिपाठी ने पंचवली खाद भंडार के प्रो० पंचवली पुत्र साहब बक्श निवासी विनायकपुर अमानीगंज एवं गुप्ता खाद भंडार के प्रो० जितेंद्र कुमार पुत्र राम मिलन निवासी विनायकपुर अमानीगंज के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3\7 धोखाधड़ी कूट रचना सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह ने बताया की उपनिदेशक कृषि की तहरीर पर दो दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# बड़ी कुटिया के महन्त बनें गणेश दास,महन्त सत्य नरायन दास ने लगाया तिलक

## रामनगरी के सैकड़ों वर्ष पुराना मंदिर बड़ी कुटिया में विधिविधान से हुई महन्थी

अयोध्या । राम नगरी अयोध्या के प्रमोदवन स्थित प्रतिष्ठित पीठ बड़ी कुटिया के उत्तराधिकारी गणेश दास को मंदिर के वर्तमान महन्त सत्य नरायन दास जी महाराज ने तिलक ,चंदन लगाकर सन्तों के मध्य महन्त बनाया। मंदिर प्रांगण में आज आयोजित महन्थी समारोह में वृहद भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ ।जिसमें कई प्रान्तों से आये मंदिर के भक्तों,साधु, संन्तो ने सहभाग किया। बड़ी कुटिया मंदिर का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। महांथी समारोह में अयोध्या के संत, महन्त और मंदिर से जुड़े भक्त गण उपस्थित रहें। इस अवसर पर बड़ी कुटिया के वर्तमान महन्त सत्य नरायन दास जी महाराज ने बताया कि गणेश दास को वर्षो पहले ही रजिस्टर्ड तरीके से मंदिर का उत्तराधिकारी बना दिया गया था। आज अयोध्या के वर्तमान समय को देखते हुए महन्थी समारोह आयोजित किया गया ।जिसमें अयोध्या के सभी संत, महंतो ने भी गणेश दास को महन्त के रुप में आशीर्वाद देकर मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर के महन्त गणेश दास ने इस अवसर पर बताया कि परम पूज्य ,प्रातः स्मरणीय, हमारे श्री सद्‌गुरु देव भगवान ,बड़ी कुटिया मंदिर के वर्तमान महन्त सत्य नरायन दास महाराज ने हमें जो वर्षों पहले जिम्मेदारी सौंपी हैं, उनके आदेश का मैं एक सेवक के रुप में दिन रात पालन कर रहा हूँ। मंदिर के महंत के रुप में श्री महाराज जी ही सदैव विद्यमान रहेंगे ।मैं एक सेवक की भांति श्री महाराज जी और मंदिर की पूर्व भांति सेवा करता रहूंगा। यह मेरा सौभाग्य हैं कि वर्षो पहले श्री महाराज जी ने मुझे अपना शिष्य बनाकर मंदिर का उत्तराधिकारी बनाया। उन्होंने बताया कि मंदिर की वर्षों पुरानी संत परम्परा हैं ।यहाँ के संतों ने पूरे देश में अयोध्या को प्रतिष्ठा दिलाई हैं। इस अवसर पर मणिरामदास छावनी उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, दिगंबर अखाड़ा महंत सुरेश दास, हनुमानबाग महंत जगदीश दास, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, संकटमोचन सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास, रसिक पीठाधीश्वर महंत जन्मेजय शरण बड़ाभक्तमाल महंत अवधेश कुमार दास, जगद्‌गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामाचार्य, रामकथा मंडप महंत डॉ. रामानंद दास, विद्याकुंड महंत उमेश दास, बाबा माधवदास व महंत रामचरण दास हनुमानगढ़ी, महंत हरिभजन दास, महंत अवधकिशोर शरण, डाड़िया महंत गिरीश दास, खड़ेश्वरी मंदिर महंत रामप्रकाश दास, आचारी मंदिर महंत विवेक आचारी, श्रीरामाश्रम महंत जयराम दास, स्वामी दिलीपदास त्यागी, महंत अर्जुन दास, महंत मुनि दास, महंत अजय दास, महंत बलराम दास, नागा नंदराम दास, महंत रामबालक दास, महंत उत्तम दास, पुजारी हेमंत दास, आचार्य रमोज वत्स, स्वामी छविराम दास, महंत बालयोगी रामदास, महंत माधवदास रामायणी, महंत मनीष दास, ज्ञानी नवनीत सिंह, महंत सीताराम दास, डॉ. देवेशाचार्य, नागा सूरज दास, आनंद शास्त्री, एमबी दास, मामा दास, रामनारायण दास, महंत रामगोविंद शरण, नागा रामलखन दास, मनीराम दास, महंत मुरली दास हरिद्वारी पट्टी, अभय दाता मंदिर संजय शास्त्री,म. रामजी शरण,,उपेंद्र दास, पार्षद अनुज दास, पार्षद संजय पांडेय, मुकेश तिवारी फौजी, रवि पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में संत ,महन्त और भक्त गण उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक गोदाम में भीषण आग लगने से मची अफरा तफरी

कानपुर। रेल बाजार थानाअंतर्गत जीआरपी बैरक के पीछे व्यापारी के प्लास्टिक गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आसपास रहने वालों में दहशत फैल गई और जानकारी होते ही जीआरपी इंस्पेक्टर भी फोर्स लेकर बचाव कार्य के लिए पहुंच गए। थाना पुलिस ने दमकल जवानों को बुलवाकर आग बुझाने की मशक्कत शुरू की और पांच गाड़ियों की मदद से काबू पाया जा सका। रेल बाजार थाना क्षेत्र में जीआरपी की बैरक के पीछे प्लास्टिक कारोबारी का गोदाम है। दोपहर अचानक गोदाम में रखे माल में आग लग गई। कुछ ही देर में आग विकराल हो गई और भीषण लपटें बाहर तक आने लगीं। इससे आसपास के लोग दहशतजदा हो गए और बाहर निकल आए। जानकारी होते ही जीआरपी इंस्पेक्टर राम कृष्ण द्विवेदी अपनी टीम के साथ पहुंचे। हालांकि जांच के बाद बैरग तक आग न पहुंचने की जानकारी हुई। रेल बाजार थाना पुलिस की सूचना पर करीब आधा घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंच गई। 4 से 5 गाड़ियां के साथ फायर ब्रिगेड कर्मचारी आग बुझाने की कोशिश में लगे रहे। जीआरपी बैरक के पीछे रेलवे की संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।

# रिपोर्ट के बाद लाइसेंस रद्द करने पर होगा फैसला,आराध्या आई अस्पताल पर कसेगा शिकंजा

## एनएचआरसी ने भी राज्य सरकार को नोटिस भेजकर 4 हफ्ते में मांगी रिपोर्ट

कानपुर। बर्रा स्थित आराध्या आई अस्पताल पर कार्रवाई का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। सीएमओ ने अस्पताल के डॉक्टर नीरज गुप्ता को नोटिस जारी कर पूरे मामले जवाब मांगा है। नोटिस का जवाब देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी राज्य सरकार को नोटिस भेजकर 4 हफ्ते में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। 3 घंटे में ऑपरेशन कर भेज दिया घरः सीएमओ डा. आलोक रंजन ने बताया कि पीड़ित राजाराम ने पूछताछ में बताया कि सुघरदेवा गांव के सभी 6 लोग दोपहर करीब 3 बजे अस्पताल पहुंचे थे, वहां कुल 18 लोगों के ऑपरेशन किए जाने थे। डॉक्टर ने बिना कोई जांच किए आंखों को ऑपरेशन शुरू कर दिया और शाम 6 बजे घर भेज दिया। इसके बाद दोबारा अस्पताल तक नहीं बुलाया। जबकि दर्द और आंखों से न दिखने की शिकायत कई बार की। आठ बुजुर्गों की रोशनी छीनने वाले डॉ.नीरज गुप्ता और आराध्या आई हॉस्पिटल की नए सिरे से फिर जांच शुरू हो गई है। लापरवाही की पुष्टि के बाद अब सीएमओ की जांच टीम ने संक्रमण का पता लगाने को जांच शुरू की है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की टीम के साथ जांच टीम ने हॉस्पिटल और उसके ऑपरेशन थिएटर के सैम्पल लिए हैं। जांच कमेटी के अध्यक्ष और एसीएमओ डॉ.एसके सिंह ने माइक्रोबायोलॉजी विभाग के नॉन पीजी जेआर की टीम के साथ आराध्या को खुलवा कर उसके गैलरी, ओटी के छह सैम्पल लिए हैं। सैम्पलों से संक्रमण का टेस्ट होगा। यह पता लगाया जाएगा कि क्या बुजुर्गों की रोशनी ओटी में मौजूद संक्रमण से गई है? अगर ऐसा सामने आया तो आराध्या का लाइसेंस रद किया जाएगा। 3 दिन में जवाब मांगा गया है।

# तेंदुए की दहशत बरकरार, नहीं की जाएगी कॉम्बिंग

कानपुर। कानपुर में तेंदुए की दहशत बरकरार है। रात तेंदुआ आईआईटी गर्ल्स हॉस्टल के बाद दिखने के बाद से फिर गायब हो गया है। बीते 24 घंटे से वन विभाग की टीम को तेंदुए की कोई हरकत रिकॉर्ड नहीं की है। कॉम्बिंग में भी टीमों को कुछ हासिल नहीं हुआ है। डीएफओ श्रद्धा यादव ने बताया कि आईआईटी कैंपस के आसपास बने घने जंगलों में 2 पिंजड़े लगवा दिए गए हैं। तेंदुए को आकर्षित करने के लिए तेंदुए के यूरिन को भी पिंजड़ों के आसपास डाला गया है। बावजूद इसके तेंदुआ पकड़ से दूर है। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) में भी एक पिंजड़ा लगाया गया है। देर रात नौरैयाखेड़ा में एक महिला ने तेंदुए के हमले की पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन सूचना पूरी तरह से फर्जी पाई गई। अर्मापुर पुलिस ने बताया कि साइकिल सवार 2 युवकों का झगड़ा हो गया था। झगड़े में एक युवक ने दूसरे को झाड़ियों की तरफ खींचकर मारना शुरू कर दिया। महिला ने अंधेरा होने की वजह से तेंदुआ समझा और पुलिस को सूचना दे दी। डीएफओ श्रद्धा यादव नेबताया कि इस बार जहां पिंजड़े लगाए गए हैं,वहां कॉम्बिंग बिल्कुल भी नहीं की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से टीमों को जंगल के बाहर ही तैनात किया गया है। तेंदुए के लिए पिंजड़ों में मांस रखा गया है। तेंदुआ दिन में बिल्कुल भी नहीं निकलता है,रात में ही वो मूवमेंट करता है। इसलिए रात में सतर्क निगाह रखी जा रही है।

# चौकी से पिस्टल चुराने की घटना में फरार आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित

कानपुर। कानपुर में बिधनू की न्यू आजाद नगर चौकी से चौकी इंचार्ज की पिस्टल चुराने की घटना में फरार आरोपी तौफीक पर पुलिस ने 25 हजार के इनाम की घोषणा की है। बिधनू थाने से रिपोर्ट आने के बाद डीसीपी साउथ ने आरोपी पर इनाम घोषित कर दिया है।

इधर पुलिस को जांच में यह भी पता चला है कि पिस्टल का सौदा 35 हजार रुपये में कर दिया गया था। आरोपी पकड़े न जाते तो पिस्टल गम्मू खां हाता पहुंचने वाली थी। चौकी से पिस्टल चोरी की घटना में पुलिस ने शेखू और फैज को गिरफ्तार किया था। उनसे बिधनू में ही पिस्टल की बरामदगी हुई।

उसी पिस्टल से शेखू ने फायर किया था। जिसमें जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया था। इन दोनों के साथ तीसरा आरोपी तौफीक भी शामिल था। वह वर्तमान में फरार है। डीसीपी साउथ प्रमोद कुमार के मुताबिक तौफीक पर 25 हजार के इनाम की घोषणा की गई है।

आरोपितों के खिलाफ 10—10 हजार रुपये का इनाम घोषित

इसके अलावा डीसीपी साउथ ने नौबस्ता निवासी सुरेश मांझी (30) को नौकरी का झांसा देकर अंधा करने और भीख मंगाने के मामले में फरार चल रहे मछरिया निवासी विजय और किदवई नगर निवासी तारा उर्फ तारावती के खिलाफ 10—10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

कुछ दिन पहले फरार आरोपियों की लोकेशन विजयनगर नटवन टोला में मिली थी। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों आरोपी फरार हो गए थे। दोनों बार—बार अपनी लोकेशन बदल रहे हैं। फिलहाल पुलिस के नंबरों को सर्विलांस पर लगाया है और मोबाइल नंबर चालू होने का इंतजार कर रही है।

# आबकारी विभाग ने छापेमारी कर बरामद की मिलावटी शराब,ठेका मालिक व सेल्समैन गिरफ्तार

कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथी गांव स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर .देर रात आबकारी विभाग ने छापेमारी करके मिलावटी शराब बरामद की। आबकारी विभाग ने दुकान मालिक और सेल्समैन को पकड़कर महाराजपुर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके से बरामद मिलावटी शराब भी जब्त कर ली। आबकारी इंस्पेक्टर चांद खान अपनी टीम के साथ कल रात महाराजपुर इलाके में गश्त पर थे।

इसी बीच हाथीगांव स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में निरीक्षण करने जा पहुंचे। दो युवक शराब की खुली बोतलों में पानी भरकर पैक कर रहे थे। वहीं तीन चाकू, एक छिलनी, तीन रबर के टुकड़े और दो सेंट की शीशी मौके से बरामद हुई। आबकारी इंस्पेक्टर चांद खान ने बताया कि हाथी गांव के अंग्रेजी शराब की दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक में के नामी शराब कम्पनी 16 क्वॉर्टर और दो बोतलें संदिग्ध पाई गईं। जिन्हें आबकारी टीम ने जब्त कर लिया।

आबकारी टीम ने अनुज्ञापी सुधीर को फोन करके दुकान में बुलाया और उससे पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि रुपयों के लालच में वह मिलावट करके बेच रहा है। आबकारी टीम ने दुकान मालिक सुधीर और सेल्समैन सुनील को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मिलावटी शराब के साथ महाराजपुर पुलिस के हवाले कर दिया। महाराजपुर एसएचओ सतीश राठौर ने बताया कि आबकारी इंस्पेक्टर की तहरीर पर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# आबकारी विभाग सक्रिय, ताबड़तोड़ करवाई जारी

उन्नाव। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध शराब के विरुद्ध लगातार प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इधर आबकारी अधिकारी करुणेद्र सिंह के नेतृत्व में लगातार अवैध शराब का कारोबार करने वालो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। प्रवर्तन अभियान के क्रम मे जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण मे आबकारी निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह क्षेत्र पुरवा मय हमराह, प्रदीप कुमार मौर्य आबकारी निरीक्षक क्षेत्र बीघापुर, आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन लखनऊ व थाना मौरावां पुलिस स्टाफ के साथ संदिग्ध ग्राम छोटी गौरी,चित्ताखेडा, जनवारनखेडा व हिलौली थाना मौरावां में एक बारगी दबिश देते हुए दो अभियुक्ताओ को 110 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही 600 किलो महुआ लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अभि. रेखा पत्नी बहादुर व 2 विशुनदेवी पत्नी राजेश निवासी छोटी गौरी थाना मौरावां जनपद उन्नाव को थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

# अब जनपद की भुमि से निकलेंगे ब्रिगेडियर और सेना के जवानः सांसद जगदंबिका पाल

## जनपद में सैनिक स्कूल एंव सुभाष चंद्र बोस आवासीय हॉस्टल, बजहा ताल में विद्युत उत्पादन तथा सोलर प्लांट जल्दःसांसद





दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधानसभा के चिल्हिया मंडल के सेक्टर देवाकालीगंज के टेडिया चौराहे पर में मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में मन की बात कार्यक्रम तथा चौपाल का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल रहे चौपाल के माध्यम से सांसद ने देश व प्रदेश में सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का जिक्र करते हुए लोगों को बताया तथा साथ ही साथ अपने क्षेत्र में सैनिक स्कूल के निर्माण की बात की कि हमारे जिले से भी अब ब्रिगेडियर और सेना के जवान निकलेंगे जो देश की सेवा करते हुए अपने जनपद का नाम रोशन करेंगे सुभाष चंद्र बोस आवासीय हॉस्टल की भी बात कही तथा बजहा ताल में विद्युत उत्पादन तथा सोलर प्लांट पर भी चर्चा की सांसद जगदंबिका पाल ने अपने क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा जिस तरह हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी और हमारे प्रदेश में योगी विकास कार्य कर रहे हैं उसी तरह हमारे क्षेत्र में हर जगह उनके नेतृत्व में विकास हो रहा है इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष पवन मिश्रा नौगढ़ ब्लाक संघ अध्यक्ष गंगा मिश्रा मंडल महामंत्री पद्माकर शुक्ला कार्यालय प्रभारी रमेश पांडे रोशन श्रीवास्तव अमरनाथ त्रिपाठी नीरज सिंह विनोद मिश्रा मिथुन चौहान अनिल अग्रहरी जिला पंचायत सदस्य सहानी धनंजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# गोपेश्वर त्रिपाठी ने किया माधव बाबू के प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी, सिद्धार्थनगर। रविवार को भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी व लालजी पाठक महामंत्री का जनपद आगमन पर बांसी पहुंचने पर पेट्रोल पंप तिराहे पर माधव पार्क में स्थित माधव बाबू के प्रतिमा पर फूल माला पहना कर



श्रद्धांजलि अर्पित कर शत् शत् नमन किया इसके पहले भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय शर्मा व बांसी नगर के किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष सोनू वर्मा दुर्गेश राय भाजपा के पूर्व बांसी नगरपालिका अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव भाजपा बांसी के नगर अध्यक्ष जगजीवन गौड़,गौरी शंकर अग्रहरी, विष्णु जयसवाल सोनू,बलराम कुलश्रेष्ठ,पिंटू वर्मा रामगोपाल अग्रहरी, गोपाल भारती, सत्येंद्र कुमार वर्मा, राम करन यादव, जीवन अग्रहरी, रवि अग्रहरि, बजरंगी बर्मा ,ओजस प्रताप सिंह,प्रमोद कुमार सहित क्षेत्रीय अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर सभी ने जोरदार स्वागत किया।

# मानवता के प्रतिमूर्ति थे भीम राव:मिनाक्षी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरु युवा केन्द्र सिद्धार्थ नगर में जिला युवा अधिकारी श्री अनुराग यादव के निर्देशानुसार संविधान दिवस पर आयोजित युवावो की संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 26 नवम्बर 2022 को किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि कि भुमिका में अतिथि डा० राकेश त्रिपाठी एवं श्री अमरिश मणि




त्रिपाठी जी कि उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभाराम्भ भारत के संविधान के रचनाकार डा भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर मल्यार्पण कर किया गया। तत्यपश्चात युवावो द्वारा ष्भारतीय संविधान एक परिचयष् बिषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता मे बिजई प्रतिभागीयो को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत में मंच पर उपस्थित समस्त अतिथियों के माध्यम से युवाओं में संविधान की प्रस्तावना को आत्मसमर्पित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन रुपेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर गोविंद, धीरज अभिषेक, अखिलेश, आकांक्षा, प्रीति, साक्षी, मीनाक्षी,विजय शंकर, अमर, सुमित, मनीष, अजय,बिजय चौरसिया, राजकुमार, आदि युवाओं सहित कार्यालय के कर्मचारी श्री ओंकार नाथ मिश्र मौजूद रहे।

# सामाजिक कार्यकत्री जया निषाद ने श्रद्धा के कातिल को फांसी देने की मांग किया

## 04 दर्जन से ऊपर महिला व पुरुषों ने किया प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। शनिवार 27 नवम्बर को नगर पालिका क्षेत्र के सुभाष



नगर बेलबनवा में लगभग 50 की संख्या में महिलाओं और पुरुषों द्वारा सामाजिक कार्यकत्री जया निषाद के अगुवाई में श्रद्धा के कातिल को अविलंब फांसी देने की मांग की है ।शाम 05 बजे के करीब बेलबनवा मे इकट्ठे हुए लोगों ने सबसे पहले श्रद्धा के फोटो पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया, तत्पश्चात हाथों में तख्तियां जिस पर लिखा था कि श्रृद्धा के हत्यारे को फांसी दो लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई कर रही जया निषाद ने कहा कि आधी आबादी का दर्द में है कि महिलाएं असुरक्षित हैं ।मासूम श्रृद्धा के 35 टुकड़े करने वाले जघन्य अपराधी पर लाखों रुपए सुरक्षा पर न खर्च करके अविलंब दण्ड वो भी फांसी दिया जाना अति आवश्यक है। सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के लिए अविलंब कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने इस मामले में उपस्थित लोगों की भावनाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के ट्विटर पर टैग करते हुए ट्वीट कर दिया है ।इस दौरान अंजनी निषाद,अनीता निषाद, केतकी निषाद,बबिता निषाद,झिनकी,कुतबुन्निशा,मीना पिंकी निषाद,तेजू निषाद, सुनील निषाद, हरिराम भास्कर के अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन में भाग लिया।

# सिकरी बाजार में चल रहा मेला ऐतिहासिक परम्पराओं की अभिव्यक्तिःसांसद जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन,सिद्धार्थनगर। जनपद





के लोटन ब्लाक के सिकरी बाजार में चल रहे ऐतिहासिक छ दिवसीय मेले के तीसरे दिन शनिवार को डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने पहुंचकर कर मेला भ्रमण कर मेले का अवलोकन किया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि जिस उत्साह उमंग के साथ इस मेले में इतनी बड़ी संख्या में लोग आते हैं। और मेले में राष्ट्रीय स्तर के नुमाइश, प्रर्दशनी एव झूले या और तमाम जो स्टूमेंट है। ये सब परिवारों को इस मेले से अपने आप को जोड़ता है ।आज भी उन प्राचीन परम्पराओं की अभिव्यक्ति इन मेलों के माध्यम से ही होता है। आज भी अगर प्राचीन मेलों की प्रासंगिकता को कोई पूरा करता है तो यह सिकरी बाजार का मेला करता है। सिकरी के मेले में इतनी बड़ी संख्या में लोग आते हैं। मेलों में आसपास के पूरे क्षेत्र के लोग इकट्ठा होते हैं ।इन मेलों में एक दूसरे के साथ अपने विचारों का आदान प्रदान भी करते हैं। इन मेलों में मिलकर एक दूसरे का कुशलक्षेम और इन मेलों से भविष्य का भी तानाबाना बुनने का काम करतें हैं। इन मेलों में मिलकर के बहुत से रिश्ते कायम होते है। बहुत से पुराने सम्बन्धों को नवीनता प्रदान करने में इस तरह के ग्रामीण मेलों की भूमिका होती है। जिसमें सिकरी का मेला अपने आप में महत्वपूर्ण मेला है। जो अपने इस मेले की प्रसांगिकता को और इस मेले की ऐतिहासिकता को पूरा करने में अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है ।इस दौरान मेलासमिति अध्यक्ष योगेंद्र मौर्य उर्फ टाईगर, ग्राम प्रधान सफीउल्लाह, राकेश पाण्डेय,लौहर पाण्डेय, रुद्रनरायन पाण्डेय, केदारनाथ गुप्ता, वजीहुदीन, सन्दीप मद्धेशिया, सुग्रीव कुमार, राकेश गुप्ता, पिंगल यादव, विजय मद्धेशिया, जिला पंचायत सदस्य सब्लू सहानी, दिलीप सिंह, मुरारी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा किसानों के लिए कर रही है काम क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा - गोपेश्वर त्रिपाठी'

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर ।उसका ब्लॉक सभागार में किसान





प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी रहे मंच का संचालन सत्यम पांडेय ने किया जिला मंत्री किसान मोर्चा रामेश्वर पांडेय के अध्यक्षता में किया गया रामेश्वर पांडेय ने पुष्प देकर स्वागत किए वही किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी ने कहा की भाजपा की सरकार किसानों के हित में कर रही है पिछले सरकार और भाजपा के सरकार में किसानों को ज्यादा फायदे होने लगे है किसानों को खाद के लिए लाइन अब नहीं लगानी पड़ती है अब किसानों को लाइन लगाने की कोई जरूरत नहीं पड़ती है किसानों को साल में छ हजार रुपए किसान सम्मान निधि द्वारा दिया जा रहा है जिससे किसानों को और आसानी हो सके भाजपा की सरकार जब से बनी है घर घर शौचालय और हर घर आवास देने का काम कर रही है और कहे की 70 सालो में केवल लगभग 270 नगर पंचायत थे और आज मात्र 7 साल में लगभग 280 नगर पंचायत बना दिए गए आज प्रदेश में लगभग 500 से अधिक नगर पंचायत हो गया है वही विपक्षी पार्टियों पर भी जमकर बोले ।किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, जिला मंत्री रामेश्वर पांडेय, मंडल अध्यक्ष जगदीश जायसवाल,घनश्याम मिश्रा, हेमंत जायसवाल,प्रमोद ठकुराई , रामदरश त्रिपाठी, अविनाश शुक्ला, दुर्गेश राय, जयप्रकाश त्रिपाठी, सुरेंद्र पांडेय , शिवशरन चौरसिया , चंद्रभान पहलवान,सूरज त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे ।

# श्रीराम के इन आदर्शों को जीवन में उतारते हुए भाई का भाई के प्रति प्रेम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। श्री ठाकुर राम जानकी मंदिर शीतलगंज आजाद नगर बांसी में श्री राम विवाह महोत्सव के पावन पर्व पर चल रहे श्री राम कथा एवं श्री राम लीला को देखकर एवं सुनकर श्रोता दर्शक भक्त श्रद्धालु आनंद विभोर हो गए। मणि पर्वत रामगंज बाजार अयोध्या से पधारे अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित श्री विजय राघव दास रामायणी जी महाराज ने कहा भगवान



श्री सीताराम अनादि दंपति हैं लोक शिक्षा के लिए वह विवाह के बंधन में बसते हैं और फिर अयोध्या जैसे साम्राज्य के गद्दी मिलने की सूचना के बाद श्रीराम हमें कोई खुशी नहीं हुई और बनवास की खबर को सुनकर के कोई दुख नहीं हुआ ऐसे धैर्यवान महापुरुष श्रीराम थे भ्रातृ प्रेम की झलक श्रीराम के अंदर उस समय पता चला कि जब उन्हें यह पता चला कि मेरा भाई भरत गद्दी पा रहा है तो उनके मुख से स्वतः निकल पड़ा कि –भरत प्राणप्रिय पावहि राजू। विधि सबही विधि सन्मुख आजू।। और भाई भरत जब यह खबर सुने कि हमें अयोध्या का राजा बनाया जा रहा है तो भरत का त्याग देखें उन्होंने कहा मैं श्री राम का सेवक हूं और अगर मुझे कोई हर्ट पूर्वक अयोध्या का राजा बनाएगा तो यह पृथ्वी रसातल को चली जाएगी यह त्याग भाई और भाई के बीच रही ।कथा व्यास जी ने कहा कि श्रीराम के इन आदर्शों को जीवन में उतारते हुए भाई का भाई के प्रति व्यक्ति का अपने माता–पिता के प्रति और समाज तथा देश के प्रति कर्तव्यों का बोध कराती है भगवान के श्री राम कथा में उपस्थित ।उक्त अवसर पर माधव धर द्विवेदी राममिलन पांडे विश्वनाथ पाठक बृज बिहारी शुक्ला ओम प्रकाश पांडे सुरेंद्र श्रीवास्तव राजेश सोनी गंगा प्रसाद मिश्र राकेश यादव आदि लोगों की उपस्थिति रही मंदिर के महंत हनुमान दास नागा ने लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया।


# जनसुनवाई पोर्टल बना मजाक, लगाया जा रहा फर्जी रिपोर्ट

## शिकायत सम्बंधित अधिकारी को ही जाँच अधिकारी बनाकर लगाया जा रहा फर्जी रिपोर्ट

पंकज चौबे/

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर ।जनसुनवाई के पोर्टल पर की जा रही शिकायतों पर सही तरह से निस्तारण न करना व फर्जी आख्या लगा कर अधिकारीगण न कि शिकायतकर्ता को गुमराह कर रहे है बल्कि मुख्यमंत्री को भी झांसा देने में पीछे नही है। जिससे जनता का विश्वास सरकार से व इस पोर्टल से उठ गया है। बताते



चले कि जनसुनवाई जोकि उत्तर प्रदेश शासन से मुख्यमंत्री की निगरानी में लोक शिकायत अनुभाग–5द्वारा संचालित है। जिसका उद्देश्य प्रभावी शिकायत प्रबंधन, निवारण और निगरानी के लिए एक एकीकृत कंप्यूटरीकृत प्रणाली जन सुनवाई का विकास जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों में चल रही शिकायत प्रबंधन प्रणालियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर समाहित किया जाना जिससे नागरिकों तथा शासन धविभागों के बीच सुगम एवं पारदर्शी संवाद स्थापित किया जा सके साथ ही इस प्रणाली में दर्ज शिकायतों का अनुश्रवण मुख्यमंत्री कार्यालय के लोक शिकायत विभाग द्वारा किया जाता है ।अर्थात जनसुनवाई की शिकायत पर फर्जी आख्या लगाना साफ साबित है कि विभाग या विभागीय अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ता को ही नही बल्कि सूबे के मुखिया को भी गुमराह करना है ।ऐसा ही ताजा मामला विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम पंचायत अर्री का है, सनोज चौबे पुत्र चंद्रभाल ने ग्राम पंचायत अर्री के प्राथमिक बिद्दयालय कपसिहवा में एक कार्य का दो भुगतान से सम्बंधित शिकायत जनसुनवाई के माध्यम से उच्च अधिकारियों से की लेकिन जिस अवर अभियंता के द्वारा एमबी करा कर सचिव द्वारा फर्जी भुगतान किया गया उसी अधिकारी को जाँच अधिकारी बना दिया गया,यही नहीं शिकायत की फर्जी रिपोर्ट भी लगा दिया गया।

## सम्पादकीय

**इसके लिए वर्तमान क्षमता को बढ़ाकर एक बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। बहरहाल भारत को बदलते वैश्विक परि□श्य में सेमीकंडक्टर से संबंधित चार बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना होगा। पहला, सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना तैयार करना। दूसराय मानव संसाधन को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में दक्ष ...**

# भारत में हैं असीम संभावनाएं

अमेरिकी प्रशासन ने चीन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टरचिप्स के आयात, निर्यात, वितरण सहित बौद्धिक संपदा के आदान–प्रदान पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इस कदम को अभी हाल के दिनों में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनातनी का अमेरिकी प्रतिक्रिया समझा जा सकता है। वैसे तो, चीन अभी चिप का बड़ा उत्पादक नहीं बन पाया है, लेकिन दुनिया भर में निर्मित 35–40 प्रतिशत चिप को चीन ले जाकर ही असेम्बल किया जाता है। जाहिर है प्रतिबंध का उद्देश्य 5जी, रक्षा, ंिआर्टफसियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स इत्यादि क्षेत्रों में चीन के प्रभाव को कम करना है। प्रतिबंध के कारण जहां चीन बढिया गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टर के निर्माण से वंचित रहेगा वहीं हमारे देश भारत सहित कई देशों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विशेषज्ञ वर्तमान समय के सेमीकंडक्टरचिप की तुलना 1970 के दशक के परमाणु तकनीक से कर रहे हैं। हालांकि तब भारत के परमाणु क्षेत्र में बढ़ते प्रयासों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में चीन भागीदार बना था, लेकिन बदलते भू–राजनीतिक परिस्थितियों में आज प्रतिबंध चीन पर लगा है और भारत प्रमुख देशों के संगठन जी–20 का अध्यक्ष बनकर नियम तय करने वाली भूमिका में आ चुका है। सेमीकंडक्टर चिप्स आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी युग के संवाहक है और एयरोस्पेस, ऑटोमोबाइल, संचार, स्वच्छ ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी एवम चिकित्सा उपकरणों सहित अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों के लिए आवश्यक बन चुके हैं। व्यक्तिगत, आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों के बड़े हिस्से को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के क्रम में चिप–संचालित कंप्यूटर और स्मार्टफोन की उपयोगिता बढ़ती जा रही है। सेमीकंडक्टर सिलिकॉन या जर्मेनियम जैसे शुद्ध तत्वों अथवा गैलियम, आर्सेनाइड या कैडमियमसेलेनाइड जैसे यौगिक से बने होते हैं और सभी आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों के संचालक के रूप में उपयोग में लाये जाते हैं। वर्तमान में चिप की मांग आपूर्ति से कई गुना ज्यादा बढ़ गई है, और चिप की वैश्विक स्तर पर काफी कमी हो गई है, जिसके कारण कई देशों की सरकारों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अरबों डॉलर के प्रोत्साहन, निवेश इत्यादि की घोषणा की है। जुलाई के अंत में अमेरिकी सीनेट ने 52 अरब डॉलर की उद्योग सब्सिडी के लिए एक विधेयक पारित किया। रॉयटर्स के खबर के मुताबिक, फ्रांस में, 5.7 अरब डॉलर के चिप व्यवसाय को पर्याप्त सरकारी समर्थन प्राप्त होने की उम्मीद है। प्रसिद्ध चिप निर्माता कंपनी इंटेल की अगले दशक में पूरे यूरोप में 80 अरब यूरो से अधिक निवेश की योजना है। भारत सरकार ने भी चिप के घरेलु निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहन की घोषणा की है। भारत सरकार ने, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन की स्थापना की है, जो डिजिटल इंडिया के अंतर्गत एक स्वतंत्र प्रभाग है और जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत को एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। भारत में सेमीकंडक्टर का वर्तमान बाजार 24 अरब डॉलर का है, जो विशेषज्ञों के अनुसार वर्ष 2026 तक 80 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा। वर्तमान में सेमीकंडक्टर की आवश्यक आपूर्ति शत–प्रतिशत आयात से हो रही है। गौरतलब है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कई चुनौतियां भी हैं। जैसे यह एक बहुत ही जटिल और गूढ़ प्रौद्योगिकी क्षेत्र है, जिसमें अत्यधिक पूंजी निवेश, उच्च जोखिम, निवेश वापसी की लंबी अवधि और प्रौद्योगिकी में तेज बदलाव शामिल हैं। चिप निर्माण इकाइयों को कई अन्य संसाधनों जैसे लाखों लीटर स्वच्छ पानी, अत्यंत स्थिर बिजली आपूर्ति, बड़ा भूभाग और अत्यधिक कुशल कार्यबल की आवश्यकता नियमित तौर पर होती है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वर्ष 2021 में डिजाइन लिंक्डइंसेंटिव योजना की शुरु आत की, जिसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर डिजाइन में शामिल देश की न्यूनतम 20 घरेलू कंपनियों का पोषण कर अगले 5 वर्षो में 1500 करोड़ रु पये से अधिक का कारोबार हासिल करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सेमीकंडक्टर की घरेलू आवश्यकता के साथ वैश्विक मांग में भी तेज वृद्धि हो रही है, जिसे भारत पूरा कर सकता है।

# ना जवाबदेही, ना कार्रवाई!

क्या कैदियों की इन स्थितियों में फर्क के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि तमाम सत्ताधारियों में अपने यानी राजनीतिक वर्ग के व्यक्तियों मामले में एक तरह की सहमति होती है? दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल में मिल रही सुविधाओं के वीडियो ने एक बार इस देश में खास और आम लोगों की हैसियत में फर्क का अहसास कराया है। हैरतअंगेज यह है कि इन वीडियो के चर्चित होने के बावजूद ना तो उन सुविधाओं को रुकवाने की कोई पहल हुई है, ना ही इन सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के मामले में जवाबदेही तय हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने जेल में फल और सलाद खाते हुए कथित फुटेज जारी किया है। इससे पहले वह जैन की मसाज का वीडियो भी जारी कर चुकी है। उसका आरोप लगाया है कि जैन जेल में रहते हुए वीआईपी सुविधा पा रहे हैं। लेकिन क्या केंद्र में सत्ताध ाारी पार्टी की जिम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? दिल्ली प्रशासन उप–राज्यपाल की प्रमुख भूमिका है। आम तौर पर उप–राज्यपाल और अरविंद केजरीवाल सरकार एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा संभाले दिखते हैं। लेकिन इस मामले में उप–राज्यपाल या उनके माध्यम से केंद्र सरकार का कोई पहल ना करना आश्चर्यजनक है। जहां तक केजरीवाल सरकार और आम आदमी पार्टी का संबंध ा है, तो ये भ्रम अब किसी को नहीं बचा है कि उनका सचमुच आम आदमी से कोई जुड़ाव है। वैसे में वे भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए अपने नेता को नियमों की अनदेखी कर जेल में सुख–सुविधाएं मुहैया करवा रहे हों, तो उसमें किसी को हैरत नहीं होगी। जैन पिछले पांच महीनों से मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। मीडिया में तिहाड़ के सूत्रों के हवाले से दी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि जैन तिहाड़ की जेल नंबर–7 की एक सेल में अकेले बंद हैं। उन्हें दिए गए अतिरिक्त तकिए, कुर्सी और अन्य कैदियों से मिलने पर रोक लगा दी गई है। जबकि जारी वीडियो से कुछ अलग कहानी सामने आई है। अब जैन को मिल रही कथित सुविधाओं की आम कैदियों के हाल से तुलना कीजिए। या भीमा कोरेगांव मामले में जेल गए दिवंगत फादर स्टेन स्वामी या अन्य व्यक्तियों की मिसालों पर ध्यान दीजिए। क्या इन स्थितियों में फर्क के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि तमाम सत्ताधारियों में अपने यानी राजनीतिक वर्ग के व्यक्तियों मामले में एक तरह की सहमति होती है?

# साइबर ठगी रोकना बड़ी चुनौती

**पुलिस विभाग में साइबर अपराधों के लिए बनाए गए अलग सेल में आईटी क्षेत्र के प्रशिक्षित व्यक्तियों की नियुक्ति को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इस सेल के अधिकारों एवं दायित्वों में वृद्धि भी की जानी चाहिए। त्वरित कार्रवाई के लिए पीडिघ्त व्यक्ति की अश्वनलाइन सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा होनी चाहिए। साइबर ठगी को रोकने की दिशा में सरकार ने प्रयास तो बहुत किए हैं, परंतु उनमें ...**

डॉ. सुरजीत सिंह गांधी

दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है। हर प्रकार का कार्य, डेटा एवं पैसे का आदान–प्रदान मोबाइल, कंप्यूटर एवं इंटरनेट के जरिए हो रहा है। इंटरनेट के प्रसार के साथ–साथ आए दिन ऑनलाइन ठगी, हैकिंग, वायरस अटैक, डेटा चोरी आदि की खबरें भी पढने–सुनने को मिलती रहती हैं। ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले भावनात्मक तरीकों का इस्तेमाल कर लोगों से कार्ड, पिन आदि की जानकारी लेकर लोगों के खातों से पैसे निकाल लेते हैं। आरबीआई के अनेक जागरूकता कार्यक्रमों, आईपीसी की अनेक धाराओं एवं आईटी कानूनों के बाद भी साइबर ठग प्रति दिन ऐसे नये तरीकों का प्रयोग करते हैं कि शिक्षित व्यक्ति भी इन्हें समझने में चूक जाता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में भारत ने साइबर अपराध के कुल 52,974 मामले दर्ज हुए हैं जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक मामले धोखाधड़ी, 8.6 प्रतिशत मामले यौन शोषण और 5.4 प्रतिशत मामले जबरन वसूली के हैं। 2020 में 50,035, 2019 में 44,735 और 2018 में 27,248 मामले दर्ज हुए थे। आंकड़े बोलते हैं कि पिछले 3 वर्षो में 47 प्रतिशत उपभोक्ता फ्रॉड, 45 प्रतिशत साइबर क्राइम और 34 प्रतिशत केवाईसी से संबंधित फ्रॉड हुए हैं। एक सर्वे के अनुसार कोविड के बाद 50 प्रतिशत से अधिक कंपनियां नये–नये तरीकों से वित्तीय फ्रॉड का शिकार




हुई थीं। पुलिस, ई–वॉलेट कंपनियों, मोबाइल कंपनियों, बैंक, आईटी सेल आदि होने के बावजूद साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति बैंक, कस्टमर केयर, साइबर क्राइम, पुलिस आदि के चक्कर ही लगाता रह जाता है। विचारणीय प्रश्न है कि साइबर ठगी को रोकने लिए क्या कानून पर्याप्त हैं? बैंकिंग व्यवस्था इसे रोकने में आखिर, असफल क्यों है? दूसरी ओर, सरकार कैशलैश व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता है। साइबर अपराध केवल तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि बैंकिंग फ्रॉड के 95 प्रतिशत केस जागरूकता के अभाव में स्वयं की गलतियों से ही होते हैं। ओटीपी, केवाईसी, ओएलएक्स आदि ऐसे अनेक तरीके हैं, जिनका प्रयोग हैकर्स द्वारा किया जाता है। ऑनलाइन ठगी जैसे अपराधों से बचने के लिए जागरूकता एकमात्र उपाय है। मैसज को बिना पढ़े जल्दबाजी में आने वाले लिंक को खोलने एवं सत्यता की परख के बिना गूगल से नम्बर लेने से भी लोग साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। जरूरी है कि अपने मोबाइल का एक्सेस किसी को नहीं देना चाहिए। इससे आपके मोबाइल का कंट्रोल दूसरे के हाथ में आ जाता है। प्ले स्टोर में एप्लीकेशन डाउनलोड करते समय उसकी वैधता भी चौक करनी चाहिए। लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया जाना चाहिए कि साइबर ठगी से बचने के लिए क्या–क्या उपाय किए जा सकते हैं। जैसे–मजबूत पार्सवड लगाना, पार्सवड को नियमित रूप से बदलते रहना, ऑनलाइन में अपनी पहचान को न बताना, पंजीकृत वेबसाइटों की पहचान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में सुरक्षा सॉफ्टवेयर लगाना, साइबर अपराधों को बढ़ावा देने वाली विभिन्न वेबसाइटों की पहचान आदि। सरकार के साथ–साथ वित्तीय संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है कि लोगों को टैक्नोलॉजी उपयोग के प्रति अधिक जागरूक कर इंटरनेट की दुनिया को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्य करें। इन स्थितियों में हैकर्स के लिए डेटा को हैक करना मुश्किल होगा। इसका समाधान भी तकनीक एवं प्रौद्योगिकी द्वारा ही निकालने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है, तो उसकी सुरक्षा के लिए मजबूत साइबर तंत्र भी विकसित किए जाने की आवश्यकता है। साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति जैसे ही अपनी शिकायत बैंक, पुलिस, साइबर क्राइम की वेबसाइट या कस्टमर केयर पर करता है, तो उस पर तुरंत ही गंभीरता से कार्रवाई होनी चाहिए। साइबर टीम उस संबंधित बैंक के अकाउंट पर होल्ड लगा कर उस खाताध ाारक से पैसे की ही वसूली न करे, बल्कि उस पर कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए। साइबर सुरक्षा को महत्त्वपूर्ण बनाने के लिए आवश्यक है कि बैंक, ई–वॉलेट कंपनियों, मोबाइल कंपनियों, पुलिस आदि की सामूहिक टीम का गठन होना चाहिए जो शिकायत पर सामूहिक रूप से कार्य करे। इन सभी विभागों के बीच तालमेल के लिए साइबर विशेषज्ञों की टीम के गठन की दिशा में कार्य होना चाहिए। पुलिस विभाग में साइबर अपराधों के लिए बनाए गए अलग सेल में आईटी क्षेत्र के प्रशिक्षित व्यक्तियों की नियुक्ति को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इस सेल के अधिकारों एवं दायित्वों में वृद्धि भी की जानी चाहिए। त्वरित कार्रवाई के लिए पीडिघ्त व्यक्ति की ऑनलाइन सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा होनी चाहिए। साइबर ठगी को रोकने की दिशा में सरकार ने प्रयास तो बहुत किए हैं, परंतु उनमें आपसी तालमेल न होने एवं गंभीरता से प्रयास न किए जाने की कीमत लोगों को चुकानी पड़ रही है।

# फिर आ गया महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष का समय

**भारत में, प्रचलित कुप्रथा और पितृसत्तात्मक मूल्यों को दक्षिणपंथी हिंदुत्व शक्तियों द्वारा मनुस्मृति और जाति पदानुक्रम की खुली वकालत के माध्यम से और मजबूत किया जा रहा है। यह बदले में अल्पसंख्यक समुदायों में उन ताकतों को मजबूत करता है जो महिलाओं की और अधीनता को लागू करती हैं। संविधान में गारंटीशुदा महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए और महिलाओं पर...**

प्रकाश करात

पूंजीवाद और इसकी सामाजिक संरचनाओं ने एक सामाजिक और सांस्कृ तिक व्यवस्था के आधार पर दुनिया भर में पितृसत्तात्मक धारणाओं और प्रथाओं का समर्थन किया है और मदद की है, जो सस्ते महिला श्रम का शोषण करने के लिए महिलाओं की अधीनस्थ स्थिति को बढ़ावा देती है। यह इस बुनियादी आधार पर है कि पूंजीवादी दुनिया में महिलाओं को भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है, दूसरों की तुलना में कुछ ज्यादा।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलनश के लिए 25 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के आह्वान को व्यापक मीडिया कवरेज मिला है, जब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हड्डी कंपा देने वाला एक तथ्य पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें कहा गया कि दुनिया भर में हर 11 मिनट में एक महिला या लड़की की एक अंतरंग साथी या परिवार के सदस्य द्वारा हत्या कर दी जाती है। उन्होंने महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को दुनिया में सबसे व्यापक मानवाध िाकार उल्लंघन बताया।

घरेलू हिंसा महिलाओं के खिलाफ एक अघोषित युद्ध है जिसने किसी भी पारंपरिक युद्ध की तुलना में वर्षों से अधिक को शिकार बनाया। तथाकथित विकसित देश, जो पूंजीवाद के केंद्र हैं, संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट पर उपलब्ध देश–वार आंकड़ों के अनुसार सबसे खराब रिकॉर्ड रखते हैं।

भारत में स्थिति गंभीर है। राष्ट्रीय अपराध ा ब्यूरो 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक औसतन हर दिन 86 महिलाओं के साथ बलात्कार होता है और ये केवल वैसे मामले हैं जो पुलिस थानों में दर्ज होते हैं। आईपीसी के तहत दर्ज महिलाओं के खिलाफ हर घंटे 49 अपराध होते हैं, हर दिन औसतन 18 महिलाओं ने दहेज संबंधी घरेलू हिंसा में अपनी जान गंवाई। एक साल में 6,589 दहेज मौतें दर्ज की गईं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण– 5 से पता चलता है कि सर्वेक्षण में शामिल सभी महिलाओं में से एक तिहाई ने कहा कि उन्हें घरेलू या यौन हिंसा का सामना करना पड़ा है।

ये ऐसे आंकड़े हैं जो किसी भी देश का सिर शर्म से झुका देंगे। लेकिन भारत में सरकार की ओर से एक भी शब्द नहीं आया है। कुछ लोगों ने इसे एक महामारी के रूप में वर्णित किया है– वास्तव में महिलाओं के खिलाफ हिंसा हमारी सामाजिक व्यवस्था का अंग हो गई है। दलित महिलाओं को आक्रामक जातिवादी प्रथाओं से सबसे बुरी तरह की हिंसा का सामना करना पड़ता है।

इसका एक कारण यह भी है कि हिंसा करने वालों को एक जातिवादी और पितृसत्तात्मक व्यवस्था द्वारा दी गई प्रतिरक्षा है, जिसके कारण महिलाओं के खिलाफ हिंसा के 75 प्रतिशत अपराधियों को सजा नहीं मिलती है। दोषसिद्धि की यह कम दर सीधे तौर पर पुलिस द्वारा पक्षपातपूर्ण जांच, अदालती व्यवस्था में लंबी देरी और हिंसा से बचे लोगों पर समझौता करने के लिए सामाजिक दबाव का परिणाम है।

घरेलू हिंसा को सामान्य बनाने वाली संस्कृतियों को वर्तमान शासन के तहत एक नया जीवन मिला है। एक पारंपरिक आदर्श महिला की उस धारणा को बढ़ावा देने के कारण ऐसा हो रहा है जिसमें उस महिला को आदर्श बताया जाता है जो अपने पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा की जाने वाली हिंसा को सहते रहे तथा ऊफ् तक न करे। वैवाहिक बलात्कार को इस आधार पर आपराधि ाक अपराध के रूप में मान्यता देने से सरकार का इनकार कि यह परिवार के लिए विघटनकारी होगा, उसी मानसिकता का प्रतिबिंब है। यह मनुवादी संस्कृति पारिवारिक संबंधों को लोकतांत्रिक बनाने और महिलाओं की समानता की रक्षा करने में एक बड़ी बाधा है।

पीड़िता और आरोपी के धार्मिक जुड़ाव के आधार पर बलात्कार के हर मामले का सांप्रदायिकीकरण और भी खतरनाक है। बिलकिस बानो मामले में सामूहिक बलात्कारियों और हत्यारों की रिहाई का विरोध करने वाली याचिका में गुजरात सरकार के हलफनामे में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि उनकी रिहाई से पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मंजूरी दी गई थी। श्रद्धा वाकर मामले के संदर्भ में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा के हालिया और अत्यधिक निंदनीय बयान से इसका उदाहरण मिलता है। उन्होंने कहा कि आपको हर शहर में आफताबों को रोकने के लिए श्एक मजबूत आदमीश मोदी को वोट देने की जरूरत है। यह कि श्रद्धा की हत्या और शरीर को क्षत–विक्षत करने का जघन्य अपराध उसके मुस्लिम साथी द्वारा किया गया था, इसका उपयोग सबसे शातिर सांप्रदायिक प्रचार और लव जिहाद के दावों के लिए किया गया है। जिस समय दिल्ली में इस भयानक अपराध का पता चला, उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में, एक युवती को उसके पूर्व प्रेमी ने मार डाला और छह भागों में काट दिया।

सीतापुर जिले में एक अन्य महिला की उसके पति ने हत्या कर दी और उसके शव को काटकर खेत में फेंक दिया। इन दोनों मामलों में भाजपा नेताओं ने एक भी शब्द नहीं कहा क्योंकि आरोपी और पीड़ित हिंदू समुदाय से थे। जब दलित लड़कियों का उच्च जाति के पुरुषों द्वारा बलात्कार किया जाता है या उनकी हत्या कर दी जाती है, तो एक शब्द भी नहीं कहा जाता है।भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा का यह साम्प्रदायिकीकरण एक बेहद खतरनाक हथियार है जो न्यायिक प्रक्रिया और न्याय प्रदान करने को और भी नीचे गिरा देगा। यह स्पष्ट है कि पूंजीवाद और इसकी सामाजिक संरचनाओं ने एक सामाजिक और सांस्कृतिक व्यवस्था के आधार पर दुनिया भर में पितृसत्तात्मक धारणाओं और प्रथाओं का समर्थन किया है और मदद की है, जो सस्ते महिला श्रम का शोषण करने के लिए महिलाओं की अध ीनस्थ स्थिति को बढ़ावा देती है। यह इस बुनियादी आधार पर है कि पूंजीवादी दुनिया में महिलाओं को भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है, दूसरों की तुलना में कुछ ज्यादा। भारत में, प्रचलित कुप्रथा और पितृसत्तात्मक मूल्यों को दक्षिणपंथी हिंदुत्व शक्तियों द्वारा मनुस्मृति और जाति पदानुक्रम की खुली वकालत के माध्यम से और मजबूत किया जा रहा है। यह बदले में अल्पसंख्यक समुदायों में उन ताकतों को मजबूत करता है जो महिलाओं की और अधीनता को लागू करती हैं।



# आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने राहुल गांधी को पार्टी जोड़ने की दी नसीहत

## आम आदमी पार्टी जो कहती वह करती नहीं: अग्रवाल

हरदोई ।नगर पालिका द्वारा बनवाए गए कुछ विशेष मार्ग और कुछ विशेष कार्यों के पत्थरों का औपचारिक लोकार्पण करने आए आबकारी मध्य निषेध मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने राहुल गांधी को हंसी का पात्र बताया दिया और तंज कसा की पहले वह अपनी कांग्रेस पार्टी जोड़ लें उसके बाद भारत जोड़ों का सपना देखें ।वहीं केजरीवाल सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल वाले वायरल वीडियो के सवाल पर अरविंद केजरीवाल के लिए कहा कि केजरीवाल जो कहते हैं वह करते नहीं ।और जो करते हैं उसका किसी को पता नहीं चलता मंत्री नितिन अग्रवाल ने मैनपुरी उपचुनाव के लिए एक हुए चाचा शिवपाल और भतीजे अखिलेश के लिए कहा कि परिवार तो परिवार के साथ ही जाएगा और मैनपुरी में हम बड़ी जीत हासिल करेंगे ।सरकार पर भरोसा करेगी मैनपुरी की जनता ।मिली जानकारी के अनुसार शहर में करोड़ों की लागत से बनी विशेष सड़कों के लोकार्पण करने पहुंचे थे आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल वहाँ पर मौजूद ज्यादातर लोग पत्थरों पर लिखे स्थानों में एक ही चीज देख रहे थे कि उनकी टूटी फूटी गलियां सड़क का नाम तो नहीं डलवा दिया गया ।क्योंकि पिछले 5 सालों में हरदोई नगर पालिका ने जो सबसे कम या कहे ना के बराबर काम किया है। वह सड़कों और गलियों पर ध्यान ना देना पूरे शहर की अधिकांश नालियां और सड़कें पूरे पांच वर्ष एस्टीमेट का इंतजार करती रही। इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद चेयरमैन सुख सागर मिश्रा मधुर अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला शहीद नगर पालिका परिषद के कर्मचारी व ठेकेदार मौजूद रहे।

# नगर की अधिकतर सड़कें जर्जर,आखिर कैसे आदर्श नगर पंचायत का सपना होगा साकार

कछौना, हरदोई ।नगर पंचायत कछौना पतसेनी की प्रमुख सड़कें विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते बदहाल हैं। एक वर्ष से ज्यादा नगर पंचायत की बोर्ड की बैठक न होने के कारण विकास कार्य हो गए थे। काफी जद्दोजहद के बाद सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने नगर की बैठक को शुरू कराया। जिससे नगर वासियों द्वारा सड़कों का जीर्णोद्धार की आवाज का कोई सुध लेने वाले नहीं हैं। नगर की सड़कों के जीर्णोद्धार के लिए सामाजिक कार्यकर्ता बैजनाथ में शासन प्रशासन को पत्र लिखकर मांग की है, दिए गए पत्र में कछौना चौराहे से इस्टेशन तक मार्ग के निर्माण कार्य हो गया है। कस्बे की अधिकतर अन्य मार्ग जर्जर व ध्वस्त हैं। कस्बे की दूसरी प्रमुख सड़क बाबा कुशीनाथ मंदिर से बस्ती होते बाबूलाल पुलिया तक जर्जर है, जिसमें जगह जगह गड्ढे हो चुके है। नालियां भी टूट चुकी हैं। तीसरी प्रमुख सड़क बाबूलाल अग्रवाल के घर से नटपुरवा ठाकुरगंज तक मार्ग भी दयनीय हालत में है। जिसमें जगह–जगह गड्ढे हो गए, डामर, बजरी, गिट्टी गायब है। चौथी सड़क गोल बिल्डिंग से सुठेना बाईपास पर अंत्येष्टि स्थल तक काफी जर्जर है। जल निकासी हेतु बना नाला भी टूट चुका है । पूरे मार्ग से गुजरना दुष्कर है। यह लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है। वही के मोहल्लों की अधिकतर सड़के जर्जर हैं। इस नगर का कोई पुरसाहाल नहीं है। नगर अध्यक्ष हमेशा में नदारद रहती हैं। उन्हें जनता की समस्याओं के प्रति जिम्मेदारी नहीं है। जिसका खामियाजा हम आमजनमानस को उठाना पड़ रहा है ।शासन प्रशासन के जिम्मेदार सुध लेना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। अपने को नगर के नुमाइंदे व सामाजिक कार्यकर्ता व लोगों की समस्याओं को लेकर राजनीति करने वाले जिम्मेदार भी मूकदर्शक बने हैं। सबसे ज्यादा नौनिहाल व वृद्धजनों व महिलाओं को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। नगर वासियों का धैर्य जवाब दे चुका है। नगर वासियों का गुस्सा आंदोलन के रूप में फूट सकता है। शायद कोई अनहोनी घटना घटने प्रशासन नींद से जागे। एक ओर शासन नगर पंचायतों को आदर्श नगर बनाने के लिए प्रयासरत है। विभागीय अधिकारी सरकार की मंशा पर पलीता लगा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता बैजनाथ ने बताया सड़कों की दुर्दशा नहीं सुधरी तो वह आंदोलन के रूप में धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# रूपापुर चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करने वाली सड़क खस्ताहाल

### दर्जनों गाँवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क पर सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क या अंतर कर पाना मुश्किल

पाली,हरदोई ।इलाके में गांवो की तरफ जाने वाली सड़कों की स्थिति खस्ताहाल है। कहीं सड़क में गड्ढे तो कहीं गड्ढे में सड़क नजर आ रही है। जिससे ग्रामीणों को आने–जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। फाइलों में भले ही सड़कें गड्ढा मुक्त हो हूं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है ।रूपापुर डीसीएम शुगर मिल के गन्ना सप्लाई गेट के सामने से होकर गुजरी सड़क पद जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं ।वहीं सड़क पटरी की भी बरसात के पानी से खस्ताहाल हो चुकी है ।जो राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई है क्षेत्र चठिया नेवादा अर्मिता जुझारपुर विन्ध्य इया जैसे दर्जनों गाँवों किस हजारों की आबादी के आवागमन के लिए यही प्रमुख रास्ता है वाहन चालकों के अलावा किसानों को अपनी फसल को मंडी तक ले जाने के अलावा चीनी मिल में गन्ना सप्लाई करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है ।सड़क के किनारे उगी कटीली झाड़ियों की वजह से और टूटी सड़क पटरी केक कार साइड देते समय कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पहले बनी इस सड़क का चौड़ीकरण कराया जाए जिससे यातायात में हो रही असुविधा से लोगों को निजात मिल सके उनका कहना है खस्ताहाल सड़क पर किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# हमारा संविधान सभी देशवासियों को सामाजिक, आर्थिक व न्याय की समानता प्रदान करता है:आशीष

हरदोई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय बृजलाल खाबरी एवं प्रांतीय अध्यक्ष माननीय नकुल दुबे के निर्देशानुसार जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी हरदोई द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर हरदोई कांग्रेस कार्यालय पर संविधान स्वाभिमान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि हमारा संविधान सभी देशवासियों को सामाजिक,आर्थिक व न्याय की समानता प्रदान करता है ।हमें संविधान पर गर्व करते हुए इसके मूल्यों की रक्षा करना होगी।

जिला उपाध्यक्ष डॉ अजीमुश्शान ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि ये जीवन जीने का एक माध्यम है और इसकी भावना हमेशा एक समान रहती है ।शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी ने कहा कि हमारे संविधान में खास बात यही है इसमें हमारे अधिकार और कर्तव्य का विस्तार से वर्णन किया गया है ।जिला उपाध्यक्ष साधू सिंह ने कहा कि आइए हम सभी अपने संविधान के मूल्यों को आगे बढ़ाएं और अपने देश में शांति उन्नति और समृद्धि को सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पूर्व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम सिंह, जिला महासचिव शशिबाला वर्मा, पीसीसी सदस्य सुनील शर्मा, पिहानी नगर कांग्रेस प्रभारी उस्मान खान, शहीद जिला स्तरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एनसीसी कम्पनी का ग्रुप कैप्टन ने किया निरीक्षण

जौनपुर। एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर वाराणसी बी का कमान ग्रुप कैप्टन दीपक नेरकर ने संभाला । इस मौके पर ग्रुप कमांडर ने जौनपुर में 5 यूपी(आई.) कंपनी एनसीसी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर ने एनसीसी यूनिट में कार्यरत पीआई और सिविल स्टाफ का मनोबल बढ़ाकर एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कार बांट कर उन के मनोबल को बढ़ाया । इस दौरान कमान अधिकारी एलटीध सीओएल आरएस मोनी, मेजर एसएन सिंह, नायब सूबेदार अनिल शर्मा, हवलदार हरजीत सिंह और हवलदार बोध राज मौजूद रहे।

# पार्लियामेंट डिबेट से विद्यार्थियों को मिलेगी सीख: सुभाष चंद्र

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय मे संविधान दिवस के अवसर पर भारत लोकतंत्र की जननी विषय पर आर्यभट्ट सभागार में एक व्याख्यान आयोजित हुआ। इस व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि प्रो सुभाष चन्द्र सिंह ने संविधान के उत्पत्ति से प्रारंभ करते हुए संविधान के सभी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस संविधान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु मनाया जाता है। इन्होंने बच्चों को मूल संविधान में पार्लियामेंट डिबेट को पढ़ने और ज्ञान अर्जन के लिए प्रोत्साहित किया। इस व्याख्यान कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने संविधान को एक पवित्र ग्रंथ बताया और कहा कि संविधान ही हमें सारी शक्तियां देती है और संविधान में स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों का समावेश है। इन्होंने संविधान में प्रदत्त एवं अधिकारों पर भी प्रकाश डाला है एवं छात्रों को चरित्र निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया। व्याख्यान कार्यक्रम में गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 राजकुमार ने संविधान के महत्व को बताते हुए बच्चों को अनुशासित रहने एवं परिश्रम से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया । विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो0 अजय द्विवेदी ने कहा कि संविधान हम सबका धर्म ग्रंथ है जिससे हम सब नियंत्रित होते हैं संविधान से ही हमें वह सारी शक्तियां मिली हुई है और सारे अधिकार मिले हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ वनिता सिंह ने किया मुख्य अतिथि एवं मंचासीन सम्मानित अधिकारी एवं शिक्षकगण का स्वागत डॉ दिनेश कुमार सिंह ने किया। अंत में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के निदेशक मंगला प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ0 राजित राम सोनकर, डॉ0 अंकित कुमार, डॉ0 प्रमोद कुमार, डॉ0 राहुल कुमार राय, श्रीप्रकाश, डॉ0 अनुराग मिश्रा ने सहयोग प्रदान किया ।

# नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाने का आहवान किया

## हिन्दू जागरण मंच व सीनियर सिटीजन एसो. की बैठक सम्पन्न

सहारनपुर। हिन्दू जागरण मंच महानगर सहारनपुर व समवैचारिक संगठन सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की एक संयुक्त बैठक हरि मंदिर सहारनपुर मे सम्पन्न हुई। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच 'इतिहास परिचय' कार्यक्रम से सभी उपस्थित कार्यकर्ताओ को परिचित कराते हुए हिन्दू जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक ठा. सूर्यकान्त सिंह ने हिन्दू जागरण मंच महानगर सहारनपुर की ओर से प्रख्यात लेखक कृष्णानन्द सागर द्वारा लिखित पुस्तक 'विभाजन कालीन भारत के साक्षी' से कार्यकर्ताओ को अवगत कराया तथा सीनियर सिटीजन एसोसिएशन संस्था की लाइब्रेरी के लिये पुस्तक के 4 खंड उपलब्ध कराए। इस अवसर पर पुस्तक की विषय सामग्री पर चर्चा करते हुए उन्होने कहा यह पुस्तक 1947 मे भारत विभाजन के समय वर्तमान पाकिस्तान क्षेत्र से जो हिन्दू समाज धर्म के लिए भारत मे आया उनका किस प्रकार से शोषण जुल्म जयादतिया की गई कैसी कैसी कठिनाईया संघर्ष उन्होने झेले उस सबका भुक्त भोगियो से सीधा समाज से संवाद का माध्यम बनी है। हमारी युवा पीढी इस सबको स्मरण रखे तथा एक प्रमाणिक दस्तावेज के रूप मे यह पुस्तक समाज मे उपलब्ध रहे और भारत की एकता अखंडता को पुनः ऐसे दंश न झेलने पडे की कामना के साथ हमारा मार्गदर्शन करती है। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच उन्होंने हिन्दू जागरण मंच के पंच कार्यक्रमो महिला सुरक्षा एवं सम्मान, अवैध गतिविधियो का संज्ञान, संवेदनशील क्षेत्र, अवैध अतिक्रमण, व स्वावलंबन की चर्चा की । उन्होंने बताया कि नशाखोरी युवा समाज मे चरम सीमा पर जा रही है जिसका शमन अति आवश्यक है हिन्दू जागरण मंच अपने अवैध गतिविधि शमन कार्यक्रम के अन्तर्गत नशाखोरी के खिलाफ अभियानरत है हम सबको सहयोग करना होगा। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन संस्था के संरक्षक के. एल. आरोडा ने नशाखोरी को रोकने के लिए सभी सीनियर सिटीजन संस्था के सदस्यो को नशाखोरी के विरुद्ध प्रण प्राण से जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनिल आरोडा, हर्ष डाबर, प्रवेश धवन प्रदीप ठाकुर, प्रिसं , धर्मपाल कश्यप बीर सिंह चौहान राधेश्याम संजूपाल आदि उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर हुई गोष्ठी

जौनपुर ।संविधान दिवस के अवसर विकास खण्ड धर्मापुर के शहीद हाल में खण्ड विकास अधिकारी काशीनाथ सोनकर की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। उपस्थित लोगों को संविधान का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव, प्रधान संघ अध्यक्ष नरेंद्र यादव, प्रधान जिलेदार, सचिव धर्मेंद्र राय ने संविधान के संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धांतों पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने किया। एडीओ पंचायत लालजी राम, सचिव अरविंद यादव, राजेश यादव, श्रुति गुप्ता, स्वतंत्र कुमार, अखिलेश, उमेश सरोज, बरकत अली, बेलाल अहमद, जेई प्रेमचन्द चौहान, नीलकमल, राजू यादव, संदीप मौर्य, ऋषभ, प्रीतम, प्रिंश सहित ब्लॉक कर्मचारी और प्रधान उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों मनाया 73वा संविधान दिवस

सहारनपुर। 73वें संविधान दिवस के अवसर पर महानगर कार्यालय में आजाद भारत के संविधान निर्माता, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन भी हुआ, जिसमें वक्ताओं ने 'भारत रत्न' डॉक्टर अंबेडकर को नमन करते हुए उनके द्वारा दिए गए संविधान को सामाजिक एकता व न्याय का प्रतीक बताया। इस अवसर पर जिला व महानगर अध्यक्षों के साथ सभी ने संविधान के प्रस्तावना को पढ़ा और दोनों अध्यक्षों ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संविधान की रक्षा व लोकतंत्र की मजबूती के लिए जीवन पर्यंत कार्य करने की शपथ दिलाई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने डॉ. अंबेडकर को संविधान जनक की संज्ञा से संबोधित करते हुए उन्हें देश में न्याय एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। चौधरी मुजफ्फर ने कहा कि आज भाजपा की सरकारें जनता के सरोकार से दूर होकर, जनहित के मुद्दों से भटक रही हैं, जो लोकतंत्र के प्रति एक बड़ा खतरा है ।चौ. मुजफ्फर ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने कांग्रेस के झंडे तले देश की आजादी के लिए संघर्ष किया और देश को आजाद कराया। अब हम संविधान व लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की सुरक्षा एवं मजबूती के लिए पुनः संघर्ष के लिए तैयार हैं। महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि आज जिस तरह से देश में संवैधानिक परंपराओं को तार–तार किया जा रहा है, उसका हम विरोध करते हैं और हम संविधान की सुरक्षा हेतु कृत संकल्पित है। इस अवसर पर दोनों अध्यक्षों के साथ प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनीष त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, जिला महासचिव सोनू पठान, नीरज कपिल, धर्मपाल जोशी, इकराम खान, गुलशेर अल्वी, यूनुस सिद्दीकी, मधु सहगल,आरिश सिद्दीकी, प्रधान जी, नसीब खान, राजा फरीद, सरदार प्रभजीत सिंह, प्राणनाथ, जमाल अहमद आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

सहारनपुर। रेलवे पेंशनर्स समाज की संस्था कार्यालय,रेलवे कॉलोनी पर आयोजित मासिक मिलन बैठक में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आई प्वाइंट हॉस्पीटल की नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर सफीना तबुस्सम द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को अपने नेत्रों की उचित देखभाल सम्बंधी विशेष टिप्स दिए, तथा उनके नेत्रों का विशेष परीक्षण कर उचित उपचार परामर्श दिया ।उन्होंने अपने हॉस्पीटल में इलाज के लिए आने वाले वरिष्ठ नागरिकों को अनेक विशेष छूट की घोषणा की। उनकी टीम में विशेष सहयोगी मुशाहिद अली सिद्दीकी, निकुंज कल्याण,रजनी,साहिल शाह,अमन खान रहे। संस्थापक आर सी शर्मा ने बताया कि पेंशनर्स की अपना जीवन प्रमाण पत्र अपने बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है,अतः वे निर्धारित तिथि तक अपना जीवन प्रमाण पत्र अवश्य जमा करा दे,जिस से उनको पेंशन बिना रुकावट के मिलती रहे। बैठक में हरीश कुमार को उनके 85 वें जन्म दिवस के अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया , उनको बंधाई एवम शुभ कामनाएं दी गई तथा उनके स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना की गई। विशिष्ट उपस्थिति ,आर के धींगड़ा अध्यक्ष,मूल चंद रॉगड़ा महामंत्री,एन एस चौहान कोषाध्यक्ष, देवेंद्र कुमार मंत्री तथा पी के अग्रवाल,, एच सी राम,जे एन शर्मा, वी के त्यागी,अमरनाथ त्यागी,, बलजीत जायसवाल,वी के शर्मा, जगदीश प्रकाश शर्मा,बलदेव राज, वेद प्रकाश,विजय तलवार, योध राज,श्रीमती विजय लक्ष्मी,संध्या रानी, मनजीत सिंह काला,सरोज बाला जगराम आदि।

## महिलाएं पहुंची एसएसपी कार्यालय, न्याय न मिलने पर इच्छा मृत्यु की मांग की

सहारनपुर। पीड़ित महिलाओं ने एसएसपी कार्यालय पर दस्तक अपने अपने पति को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया और न्याय न मिलने पर इच्छा मृत्यु की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार आज आंचल शर्मा और गीतू शर्मा नामक महिला आज एसएसपी कार्यालय पहुंची, जहां पर उन्होंने सनी चिड़ा नामक व्यक्ति जो कि काफी समय से जेल में बंद है व उसके भाई राहुल शर्मा जो कि सनी चिड़ा की पैरवी कर रहे थे उन दोनों पर कुछ लोगों के द्वारा झूठे मुकदमे लगा कर सनी चिड़ा को जेल से रिहा नहीं होने दिया जा रहा जिसमें अब महिलाओं ने अपने पूरे परिवार के साथ इच्छा मृत्यु की मांग की है, हालांकि इस मामले में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

# पीड़ित ने लगायी सविप्रा अधिकारियों से न्याय की गुहार

## अवैध तरीके से किये जाने निर्माण को सील करने की मांग

सहारनपुर। आवासीय नक्शा दर्शाकर सभी नियमों को ताक पर रखकर व्यवसायिक निर्माण धड़ल्ले से जारी है। पीड़ित ने सहारनपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय पर दस्तक देकर सचिव उपाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। थाना कोतवाली सिटी क्षेत्रान्तर्गत मिश्रान चौक निवासी मोहित खुल्लर पुत्र स्व.प्रदीप कुमार ने सचिव उपाध्यक्ष सविप्रा को एक शिकायती पत्र सौंपकर हरीश कुमार खुल्लर पुत्र स्व.महेशदास खुल्लर निवासी महेश मार्किट पुल दालमंडी सहारनपुर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मोहित खुल्लर ने पत्र में जानकारी देते हुए बताया कि हरीश कुमार खुल्लर द्वारा मौहल्ला मिश्रान चौक के समीप रजौली हाउस व काली मंदिर के सामने शीरे वाले घेर जो कि जोन–12 अंतर्गत आता है। आवासीय मानचित्र की आड में एक व्यवसायिक काम्पलैक्स का निर्माण धडल्ले से किया जा रहा है। पीडित ने यह भी बताया कि उसका एक प्लाट भी इसी क्षेत्र में है। प्लाट पर जाने के लिए मात्र 6 फिट से भी कम रास्ता है। यदि उक्त व्यवसायिक निर्माण के कारण आने जाने का रास्ता भी बन्द हो जायेगा। क्योंकि व्यवसासिक काम्पलैक्स में विपक्षी द्वारा कोई पार्किंग सुविधा नहीं जा रही है। इसलिए आसपास के लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। मोहिल खुल्लर ने बताया कि हरीश कुमार द्वारा न तो फायर ब्रिगेड से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र ही लिया है और न ही विद्युत विभाग से उक्त काम्पलैक्स हेतु ट्रांसफार्मर की सुविधा ही ली गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि सविप्रा की टीम ने 25 नवम्बर को मामले की जांच की और मौके पर निर्माण कार्य को रोकने के आदेश भी जारी किये लेकिन सभी नियमों को ताक पर रखकर विपक्षी द्वारा अवैध तरीके से निर्माण किया जा रहा है। पीडित ने मामले की जांच कराकर सील करने के आदेश जारी करने की मांग की है।

# बुखार से हो रही मौतों के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग

### सीएमओ के आदेश पर जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

सहारनपुर(बेहट)। कस्बे में तेजी से फैल रहे बुखार के प्रभाव और बुखार से हो रही मौतों से कस्बेवासी दहशत में है। एक ही स्कूल के 2 छात्र छात्राओं की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है। सीएमओ के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कस्बे में स्कूल और मृतकों के आवास पर पहुंचकर जांच की। आपको बता दे कि बेहट कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बुखार का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। काफी संख्या में लोग बुखार से पीड़ित हैं, जबकि कई लोगों की बुखार से मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि पिछले दो दिनों में बुखार से एक ही स्कूल के 2 छात्र छात्राओं सहित कई लोगों की मौत हो चुकी है। मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। सीएमओ ने टीम का गठन कर जांच के लिए भेजा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम पहले मौहल्ला मनिहारान स्थित प्राइमरी स्कूल नंबर 1 पहुंची और अन्य बच्चो के स्वास्थ्य की जांच की। स्कूल को सेनेटाइज भी कराया गया इसके बाद टीम मौहल्ला कस्सबान स्थित आकिल के मकान पर पहुंची और उनके बेटे की मौत के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम मोहल्ला गाड़ान मृतक छात्रा के घर भी पहुंची। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ नितिन कंडवाल ने अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को बुखार की शिकायत है तो वह तुरंत सरकारी अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श लें और इलाज करवाएं।

# एसएसपी ने संविधान दिवस पर पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.विपिन टाडा ने आज पुलिस लाईन में संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई तथा संविधान में निहित मूल्यों एंव आदर्शों का अनुस्मरण करने पर बल दिया। इस शपथ ग्रहण के दौरान डा,विपिन ताड़ा ने कहा, कि हम भारत के संविधान में दिए गये मूल कर्तव्यो का पालन करेंगे। उन्होंने कहा,कि हम सभी को संविधान के दायरे में रहकर ही काम करना है,भारत संविधान ही हम सभी लोगों के लिए सर्वोपरि है ।इस मोके पर एसपी–सिटी अभिमन्यु मांगलिक,एसपी–देहात सूरज राय के साथ साथ अनेक राजपत्रित अधिकारी एवम कर्मचारी मोजूद रहे ।इसी के साथ साथ भारत के संविधान को लेकर जनपद के सभी थाना प्रभारियों ने पुलिस कर्मचारियों को शपथ दिलाई ।थाना मण्डी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह,थाना कोतवाली नगर प्रभारी नीरज सिंह,थाना जनकपुरी प्रभारी अविनाश गौतम,थाना देहात कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार,थाना सदर बाजार प्रभारी प्रभाकर कैन्तुरा,थाना कुतुबशेर प्रभारी सूबे सिंह,थाना मिर्जापुर प्रभारी पीयूष दीक्षित,थाना फतेहपुर प्रभारी प्रमोद कुमार,थाना बिहारीगढ़ प्रभारी बीनू सिंह,थाना देवबंद प्रभारी हदय नारायण सिंह,थाना तीतरो प्रभारी सतीश कुमार,थाना नानोता प्रभारी चन्द्रसैन सैनी,थाना बड़गांव प्रभारी प्रवेश कुमार,थाना सरसावा प्रभारी योगेश शर्मा,थाना गागलहेडी प्रभारी सुनील नेगी,थाना नकुड प्रभारी राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ,थाना गंगोह प्रभारी जसवीर सिंह,महिला थाना थाना प्रभारी मोनिका चौहान,थाना चिलकाना प्रभारी सतेन्द्र कुमार राय,थाना नागल प्रभारी देशराज सिंह,थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी विनय कुमार,थाना बेहट प्रभारी ब्रजेश कुमार पांडेय सहित अनेक थाना प्रभारियों ने थाना परिसर में पुलिस उपनिरीक्षको एवम कर्मचारियों को थपथ दिलाई,कि हमारे देश का संविधान ही हमारे लिए सर्वोपरि है ।और यही नहीं सरकारी कार्यालयों में भी संविधान दिवस के मोके पर सभी अधिकारियों एवम कर्मचारियों ने शपथ ली।

# खड़े ट्रक में पीछे से कार ने मारी टक्कर, दो महिलाओं समेत पांच घायल

## सलेमपुर–देवरिया मुख्य मार्ग पर बिगही गांव के समीप स्थित ढाबे पर हुआ हादसा

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के बिगही गांव के समीप स्थित एक ढाबे के सामने तेज रफ्तार से जा रही कार ने सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। संयोग ठीक रहा कि कार का एयर बैग खुल गया और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि, कार में सवार दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। इसी बीच मांगलिक कार्यक्रम से घर लौट रहे भाजपा नेता अनूप उपाध्याय पिंकू ने घटनास्थल से घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। बिहार प्रांत के गुठनी थाना क्षेत्र सोनहुला गांव निवासी राजपति साहनी (70) पुत्र रामजन्म साहनी अपने परिवार के साथ .रात तकरीबन 12 बजे कार से देवरिया की तरफ जा रहे थे। अभी वे लोग कोतवाली थाना क्षेत्र के बिगही गांव के समीप स्थित ढाबे के पास पहुंचे थे। इसी बीच उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का एयर बैग खुल गया। उसमें सवार राजपति साहनी (70), सरिता देवी (35), गुड्डू साहनी (20), सविता देवी (19) व राघवेंद्र ठाकुर (32) घायल हो गए। कार का एयर बैग खुल जाने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। जबकि हादसा में शामिल ट्रक का चालक अपना ट्रक लेकर वहां से भाग निकला। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि खड़े ट्रक में पीछे से कार की पीछे से टक्कर मारने की सूचना है, लेकिन घटनास्थल पर कोई ट्रक नहीं दिखाई दे रहा है। जांच कराई जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मनाया गया संविधान दिवस

कुशीनगर । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को जिला सत्र न्यायालय कुशीनगर स्थान पडरौना के सभागार में संविधान दिवस मनाया गया एवं संविधान के प्रस्तावना का पाठ किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला जज विजय कुमार हिमांशु द्वारा न्यायालय के उपस्थित सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संविधान व संविधान के प्रस्तावना पर प्रकाश डाला गया। साथ ही इनके मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य एवं लोकतंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मदन मोहन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों को संविधान के प्रस्तावना का वाचन कराया गया। इस अवसर पर अमित कुमार तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशधविशेष न्यायाधीश एससी एसटी, श्याममोहन जायसवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय, मदन मोहन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटी सी प्रथम, रविकांत यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रशांत कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनीष यादव सिविल जज जू0डि0, करिश्मा जायसवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट, चंद्र प्रकाश तिवारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट, कसया एवं फरिंद्र मिश्र, राजकुमार वर्मा, प्रदीप झा, विजय मिश्र, अमरनाथ, राजन, जंत्री शुक्ला, संदीप गोविंद राव, कुलदीप आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में नगर पंचायत सेवरही कार्यालय सभागार में संविधान दिवस पर अधिशासी अधिकारी जनार्दन यादव ने डा० अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत समस्त कर्मचारियों को भारत का संविधान उद्देशिका को पढ़ा तथा पढ़ाया जिसमे भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व –संपन्न, समाजवादी, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बधुता बढ़ाने के लिए दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने का संकल्प लिया। इस दौरान विक्रांत सिंह शैलेश सिंह राजनाथ यादव अकलू प्रसाद गिरिजेश मणि तिवारी गौतम जायसवाल विकास वर्मा संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## किसान सम्मेलन में जाने से रोक जिलाध्यक्ष हुए नजरबंद

कुशीनगर (आरएनएस)। जनपद के जटहा बाजार थाना क्षेत्र के लुकपुर निवासी किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने हाउस अरेस्ट के दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी विशुनपुरा को सौप किसान आंदोलन की मांग की। भाकियू के जिलाध्यक्ष ध्रुव नारायन यादव को बीती रात पुलिस ने लखनऊ में आयोजित किसान सम्मेलन में जाने से रोकते हुए घर पर ही नजरबंद कर लिया था। दिन शनिवार को 2 बजे के करीब उनके घर पहुंचे खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने उनका राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन लिया। जिसमे उन्होंने कृषि समर्थन मूल्य लागू किये जाने, किसानों के बकाया गन्ना मूल्य दिलाने, ट्रैक्टर ट्रॉली से आवागमन से प्रतिबंध हटाने सहित सन 2014 में जटहा बाजार थाने में किसान यूनियन नेताओ पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग की है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, हुई मौत

लालगंज (मीरजापुर) थाना क्षेत्र के लालगंज कलवारी रोड पर स्थित कठवार गांव के पास देर शाम ट्रैक्टर बाइक में हुए भिड़ंत में बाइक चालक युवक की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते स्वजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। लालगंज थाना अंतर्गत लालगंज के निवासी महेंद्र का 20 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र बाइक से देर शाम अपने ससुराल संत नगर थाना क्षेत्र के मझारी गांव जा रहे थे। घर से तीन किलोमीटर कठवार गांव में पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर का अगला टायर भ्रष्ट होने से अनियंत्रित ट्रैक्टर सामने से आरहे बाइक में टक्कर मार दिया। जिसमें वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल होकर बाइक सहित सड़क पर गिर कर गंभीर रुप से घायल हो अचेत हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने घायल वीरेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए जहां पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। स्वजन के साथ शव को पुलिस थाने पर ले आई। अग्रेतर कार्रवाई के बाद पीएम के लिए मर्चरी हाउस भिजवा दिया गया। वीरेंद्र कुमार का 2 वर्ष पूर्व शादी हुआ था जिससे एक बच्चा है पत्नी और स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में कोतवाल लालगंज रामनारायण सरोज ने बताया कि देर शाम बाइक से जा रहे युवक को सामने से आ रहे ट्रैक्टर का अगला चक्का भ्रष्ट होने से टक्कर मार दिया था जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई थी ।विधिक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम आज कराया जाएगा।

## सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने युवती को किया बरामद

मीरजापुर। थाना ड्रमंडगंज क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती घर से गायब हो गई थी. युवती के परिजन उसके गायब होने की सूचना पुलिस को देर कर तलाश में जुटे थे। इधर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की युवती का लोकेशन कानपुर बता रहा था। जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने सर्विलांस के सहारे गायब करने वाले आरोपियों को चिन्हित किया और गायब युवती के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी लालगंज परमानंद कुशवाहा के नेतृत्व में थाना ड्रामंडगंज प्रभारी अतुल कुमार पटेल ने पुलिस टीम का गठन किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक कोमल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की तलाश करने लगी और कछगांव थाना मूसा नगर जनपद कानपुर देहात से युवती सहित आरोपी विकास शुक्ला पुत्र स्वर्गीय कृपाशंकर कछगांव जनपद कानपुर देहात से बरामद किया। पत्रकार वार्ता में सीओ लालगंज ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस टीम ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सर्विलांस के आधार पर आरोपी का लोकेशन फतेहपुर बता रहा था पुलिस टीम को रवाना किया वहां से पता चला कि आरोपी का घर कानपुर देहात क्षेत्र में है। पुलिस ने दबिश देकर युवती सहित आरोपी को बरामद किया युवती की उम्र लगभग 20 वर्ष है वह बालिग है उसके अनुसार युवक और युवती ने कोर्ट मैरिज एवं विधि विधान से विवाह भी किया है। इस संदर्भ में स्थानीय पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है

## भारत–नेपाल दोनों तरफ बन रही एकीकृत जांच चौकी, 2004 में मिली थी मंजूरी

महराजगंज। भारत नेपाल सीमा पर एकीकृत जांच चौकी बननी शुरू हो गई है। भारत ही नहीं नेपाल में भी एकीकृत जांच चौकी बननी शुरू हो गई है। इससे आने वाले दिनों में जहां समस्याएं दूर होंगी, वहीं सुविधाएं भी बढ़ जाएंगी। वाहनों की आवाजाही के दौरान जरूरी प्रक्रिया को पूरी करने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। एक छत के नीचे ही सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। जिससे यात्री समेत पर्यटकों की मुश्किल दूर हो जाएगी। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2004 में सोनौली में एकीकृत जांच चौकी बनने की मंजूरी मिली थी। भारतीय क्षेत्र से होकर नेपाल जाने एवं आने वाले पर्यटकों एवं यात्रियों के लिए कस्टम एवं आव्रजन की सुविधा एक छत के नीचे मिलेगी। इसके लिए निर्धारित मानक के अनुसार जरूरी कार्य कराए जा रहे हैं। ट्रकों को जरूरी प्रपत्रों पूरा करने में आसानी होगी। एकीकृत चौकी में करीब पाच हजार वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था होगी। चालकों के साथ ही यात्रियों के लिए भी विशेष सुविधाएं रहेगी। पूरी परिसर सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेगा। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि एकीकृत जांच चौकी 700 करोड की लागत से 143 एकड़ भूमि में बनाई जाएगी। सीमा पार व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत जांच चौकी मददगार होगी। जुगौली व सुकरौली गांव से राष्ट्रीय राजमार्ग 24 से जोड़ने के लिए सड़क भी बनाई जाएगी।

भूमि अधिग्रहण करीब पूरा हो गया

एकीकृत जांच चौकी के लिए भूमि अधिग्रहण करीब पूरा हो गया है। 300 किसानों की भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। राजस्व विभाग के अनुसार 288 किसानों से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष 12 भू–स्वामियों के साथ औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। 79 करोड़ रुपये में जमीन का अधिग्रहण हुआ है।

## न्याय संगत कार्य कर गरीबों को दिलाये न्याय, थाना समाधान दिवस का उद्देश्य : जिलाधिकारी

### भू–माफियाओं को चिन्हित कर करें कार्यवाई–पुलिस अधीक्षक

मीरजापुर। शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थाना, कोतवाली में थाना समाधान दिसव का आयोजन किया गया। कोतवाली देहात में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र व डिप्टी कलेक्टर सिद्दार्थ यादव ने आये हुए जन–समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी द्वारा एक–एक फरियादियों की उनकी बातों को सुना गया तथा जमीन से जुडे प्रकरणों में सम्बंधित लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर जाकर प्रकरण की जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिया गया। कोतवाली देहात में जिलाधिकारी के समक्ष अधिकतर जमीन पैमाइश, चकरोड, रास्ते पर अवैध कब्जा, आपसी जमीन विवाद आदि से सम्बंधित प्रकरण प्राप्त हुये जिन पर राजस्व व पुलिस टीम भेजकर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। थाना समाधान दिवस में उपस्थित लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग का अधिकतर भार लेखपाल के ऊपर ही निर्भर है, उन्होंने कहा कि गांव सतर पर जमीन के झगडों से सम्बंधित समस्याओं को समाप्त करने में लेखपाल की महत्वपूर्ण भूमिका है, वे प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के लिये मौके पर जाए और न्याय संगत कार्य कर गरीबों को न्याय दिलायें। जिलाधिकारी ने कहा कि यही समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य भी यही है। यह भी कहा कि राजस्व कोर्ट के द्वारा दिये गये फैसलों का अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी व्यक्ति के दबाव में आकर कार्य न करें, जो सही हो उसी के पक्ष में न्याय करें। इस अवसर पर समाधान दिवस रजिस्टर को भी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने लेखपालों व थानाध्यक्षों से कहा कि भू–माफियाओं को चिन्हित कर कडी कार्यवाई करें और यदि उनके द्वारा कहीं ग्राम समाज, चकरोड, रास्ता या किसी की जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायतों प्राप्त होती है तो उन पर कडी कार्यवाई की जाए। जिलाधिकारी के समक्ष थाना देहात कोतवाली में कुल 28 फरियादियों के द्वारा अपनी समस्याओं को सुनाया गया जिसमें से 3 का मौके निस्तारण करते हुये शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित लेखपालों, पुलिस अधिकारियों को ससमय निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया।

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के नारे के साथ सोनौली चौकी इंचार्ज ने किया जागरूक







दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज |सोनौली में राम जानकी मंदिर के चौराहे पर नव ज्योति स्कॉलर्स एकेडमी के बच्चों के साथ सोनौली चौकी इंचार्ज ने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को तथा बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चालकों को किया जागरूक । नवज्योति स्कॉलर्स एकेडमी के बच्चों द्वारा बिना हेलमेट तथा बिना सीट बेल्ट के सभी आने जाने वाले गाड़ियों को रुकवा कर सभी वाहन चालकों से निवेदन किया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें और ट्रैफिक नियमों को पालन करने के लिए प्रेरित किया जिसमें नवज्योति स्कॉलर्स एकेडमी के प्रिंसिपल सर श्रीस पांडे, सर गणेश पाठक, सर घनश्याम, वह सोनौली चौकी इंचार्ज तथा कॉन्स्टेबल आदि लोग भी लोगों को जागरूक करने में मदद किए ।

## समाधान दिवस पर 16 प्रार्थना पत्रों का हुआ निस्तारण

लालगंज (मीरजापुर) स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस नायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें फरियादियों द्वारा कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें एक प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस टीम बनाकर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि संबंधी छाए रहे। राजस्व एवं पुलिस टीम को निर्देशित करते हुए नायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा ने कहां की शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को बार–बार थाना का चक्कर न लगाना पड़े उनकी समस्या को प्रमुखता से लेते हुए मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर समस्या का समाधान करते हुए समयावधि के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने टीम कोचेतावनी देते हुए कहा कि फरियादी की समस्या एक बार में ही निस्तारित कर दिया जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक इमरान अली, श्याम जी यादव, मय स्टाफ के साथ राजस्व निरीक्षक सूर्ज बली बिंद, विजय शंकर दुबे, उमेश कुमार तिवारी एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

## खलिहान बनाने को लेकर दो भाइयों में मारपीट दोनों पक्षों से 5 लोग घायल

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी प्रेमराज ओझा व नरेंद्र प्रसाद ओझा दोनो सगे भाइयों में खलिहान बनाने को लेकर ............. को सुबह कहासुनी होने के बाद लाठी डंडे से मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष से 2 लोग तथा दूसरे पक्ष से 3 लोग घायल हो गए दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर देकर एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। प्रथम पक्ष से प्रेम राज ओझा 52 वर्ष तथा उनके लड़के पवन कुमार 24 वर्ष घायल हुए हैं दूसरे पक्ष से नरेंद्र प्रसाद ओझा 48 वर्ष एवं विपिन 27 वर्ष तथा नितिन 24 वर्ष लाठी डंडे के मार पीट मे घायल हो गये है दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज कराया है। प्रथम पक्ष की तहरीर पर द्वितीय पक्ष के नरेंद्र प्रसाद विपिन एवं नितिन के विरुद्ध तथा द्वितीय पक्ष के नरेंद्र प्रसाद ओझा की तहरीर पर प्रेमराज ओझा, पवन कुमार एवं अतुल कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पक्षो का मुकदमा दर्ज करते हुए घायलों को उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि खलिहान बनाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई है दोनों पक्षों की तहरीर पर 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भेज दिया गया है।

## अंबेडकर नगर में युवाओं और बच्चों द्वारा मनाया गया संविधान दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली। आदर्श नगर पंचायत सोनौली के वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर में युवाओं और बच्चों द्वारा मनाया गया संविधान दिवस। जिसमें समाज सेवी







राजू भारती द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि संविधान दिवस पर हमें अपने अंदर ज्ञान का दीपक प्रज्वलित करने की हो आवश्यकता है ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां भी हमारे देश के संविधान के महत्व को समझ सके। जिससे कि वह इसका सम्मान तथा पालन करें। और यह भी बताया कि भारत की संविधान सभा ने 26 जनवरी 1949 को भारत के संविधान को अपनाया और इसके प्रभावीकरण की शुरुआत 26 जनवरी 1950 से हुई ।गौतम सावरिया,, चूल्हाई प्रसाद, राजू प्रसाद, सुरेश गौतम, सूरज नायक, राज नाथ रावण, प्रेम भारती, छोटू कुमार, अजीत कुमार, मनोज भास्कर,हरिबंस भारती, रामाचल भारती, सुनील गौतम,रामवृक्ष प्रसाद, गीता बौद्ध, सरिता भारती,गुंजा गौतम, सपना कुमारी,एवं संगठन के सभी कार्यकर्त्ता,, और सैकड़ो मे लोग मौजूद रहे।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंह की स्मृति में कवि सम्मेलन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। बाराबंकी शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार सिंह गोप जी के बड़े भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक कुमार सिंह की स्मृति में सांझी विरासत द्वारा आयोजित सातवां आल इण्डिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि अरविन्द कुमार सिंह गोप,अध्यक्षता सीनियर आईएएस डा हरिओम ,विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद नदीम, समाजसेवी सहारा परिवार की बबिता चौहान,फरहान वासती,ने शमा को रौशन कर किया।सांझी विरासत की अध्यक्ष अपर्णा मिश्रा,और कन्वीनर परवेज अहमद और उनकी टीम ने सभी अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर



सम्मानित किया।इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहा कि सांझी विरासत के परवेज अहमद साहब,अपर्णा मिश्रा, आफाक अली,सैय्यद मोहम्मद हारिस,और उनकी पूरी टीम को बहुत बहुत मुबारक बाद देता हूं जिन्होंने इतनी शानदार महफिल सजाई है।आज यह मुशायरा हमारे बड़े भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धेय अशोक कुमार सिंह की याद में हो रहा है।आज वह हमारे बीच नहीं हैं।लेकिन मैं जो कुछ भी आज हूं उसमे बड़े भाई बड़ा योगदान है।उनकी यादों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मैं उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।इस मुशायरे और कवि सम्मेलन की शानदार निजामत अबरार शाकिब ने की,और मुशायरे की जीनत बने डा कुमार विश्वास,अजम शाकरी,नसीम निगहत, फराज महाराष्ट्र, मीशाम गोपालपुरी,उस्मान मिनाई,प्रियांशु गजेन्द्र, जिन्होंने अपने शानदार गीत और गजल के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कोरोना काल के बाद सांझी विरासत द्वारा यह पहला आल इण्डिया मुशायरा और कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।जो अपनी ऊंचाइयों तक पहुंचा।

# शुभ अवसरो पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूर करें:संतोष श्रीवास्तव

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। पेड़ हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है इसलिए हमें पौधे रोपित करना परम आवश्यक है। शादी समारोह जैसे शुभ अवसरो पर एक पौधा रोपित किया जाए तो जहां एक तरफ वह हमारे लिए यादगार बनेगा वहीं दूसरी तरफ हमारे पर्यावरण संरक्षण में भी विशेष बल प्रदान करेगा।उक्त विचार जनकल्याण किसान एसोसिएशन के मार्गदर्शक श्रीमती संतोष श्रीवास्तव ने विकास खंड बंकी के पलिया मसूदपुर निवासी एवं जनकल्याण किसान एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार की पुत्री गायत्री शर्मा की शादी के शुभ अवसर पर पौधारोपण करने के उपरांत व्यक्त किए।वही संगठन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव ने सभी आम जनमानस से शादी जैसे शुभ अवसरों पर एक–एक पौधरोपण करने की अपील की। इस अवसर पर शिव बहाल मौर्या, उमेश कुमार यादव,उमा देवी शर्मा,प्रतिभा शर्मा, अमित,रीतू, सृष्टि शर्मा, पूजा शर्मा, प्रिया वर्मा,दीपक वर्मा, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित रहे। इसके उपरांत चेयरमैन ने विकासखंड देवा के ग्राम बबुरिहा मजरे खेवली में नैना पाली क्लीनिक की संचालक संदीप कुमार की सुपुत्री नैना के जन्मदिन पर केक काटकर उनके जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने का साथ एक आंवला का पौधा भी भेंट किया। चेयरमैन ने पौधा भेंट करने के उपरांत नैना से उक्त पौधे के पालन पोषण के लिए भी अपील की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कैलाश यादव, पूर्व प्रधान केवली सोभन यादव,डॉ उर्मिला, मनीष कुमार,पारुल, मनीषा, सुभाष, शैलेंद्र आदि मौजूद रहे।




# 10 वर्षीय पट्टा 5 माह से लंबित अधिकारी मौन जिम्मेदार कौन

घनश्याम मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।प्रदेश में एक तरफ योगी सरकार कमजोर तबकों को उठाने का भरसक प्रयास कर रही है इसी कड़ी में मत्स्य पालकों के लिए सरकार अनगिनत योजनाएं शुरू कर रही है जिसके के क्रम में प्रदेश के मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद द्वारा रोज प्रति घोषणाएं आप लोग की जा रही है परंतु जनपद में उसे सारी अधिकारियों के आलम है कीमत अस्पताल को को 10 वर्षीय पट्टे पर दिए जाने वाला तालाब शिविर में आवेदन छठनी आदि के बाद भी 5 महीने बाद मत्स्य पालन के 10 वर्षों को कार्रवाई नहीं की जा रही है मत्स्य पालन सरकारी राजस्व कर्मियों के इर्द–गिर्द चक्र लगाते कभी भी देखें जा सकते हैं आला अधिकारियों को भी जानकारी होनी के बाद भी कोई कारवाई न होना सरकार की योजनाओं पर पानी फेर रहे हैं अच्छा होता माननीय मंत्री महोदय बलरामपुर जनपद के मत्स्य पालको के जमीनी हकीकत से रुबरु होने का वेस्ट करते तो शायद दिन मत्स्य पालन के पटटो आदि में त्वरित करवाई होती।

**■ बलरामपुर मत्स्य पलकों को दिया जाने वाला 10 वर्षीय पट्टा 5 माह से लंबित अधिकारी मौन जिम्मेदार कौन**

# सोशल मीडिया पर जन शिकायतों पर नहीं देते ध्यान अधिकारी

घनश्याम मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।जहां एक तरफ सरकार 21 वी शताब्दी के उत्तरोत्तर विकास में कदम ताल मिला रही है तथा पूरी दुनिया दूर संचार माध्यमों के जरिए पूरी तरह सिमट गई है हर आम व खास आदमी को दुनिया के हर कोने कोने की जानकारी सेकंड में मिल रही है जिससे जनता की बहुत सारी समस्याओं का समाधान भी हो रहा है बताते चले कि जनपद बलरामपुर के प्रशासनिक अधिकारी सोशल मीडिया पर आ रही जन शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते ना ही उसके निराकरण का प्रयास करते हैं जबकि अन्य जनपदों सोशल मीडिया के माध्यम से बड़ी–बड़ी समस्याओं का समाधान हो रहा है ऐसे में बलरामपुर जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों को सोशल मीडिया पर आ रही जन समस्याओं को ना केवल संज्ञान में लें बल्कि उस पर समुचित कार्यवाही करें जिससे जनता का धन और समस्या दोनों की बचत हो सके।

# दूसरो के जीवन रक्षा के लिए 12 कैंडेट्स ने किया रक्तदान

## एनसीसी दिवस पर एमएलके महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन






दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर में 51 वीं यू पी बटालियन एन सी सी के निर्देश पर एन सी सी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 12 महादानियों ने रक्तदान किया।रविवार को महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय ने रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने सभी को एन सी सी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान करना एक पुनीत कार्य है। रक्तदान करने से न केवल हम किसी के जीवन को सुरक्षित रखने में अपना योगदान देते हैं बल्कि स्वयं के शरीर को भी बीमारियों से बचाने के लिए फायदेमंद है। महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी का स्वागत करते हुए रक्तदान करने के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में एम एल के कॉलेज के 22 कैडेटों ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया लेकिन 10 कैडेट्स कम हीमोग्लोबिन व वजन कम होने के कारण रक्तदान नहीं कर सके जबकि कैडेट्स मांडवी त्रिपाठी, दिशा सिंह,पुनीत पाठक,अभिषेक भारती, विजय मिश्र,अनुष्का मिश्र,कौशल त्रिपाठी, राम करन, विवेक द्विवेदी,दिलीप कुमार, विवेक मिश्र व सोनू पाल ने रक्तदान कर महादान के पात्र बने। 12 महादानियों संयुक्त जिला चिकित्सालय की ओर से डॉ प्रभात कुमार त्रिपाठी ने सभी रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में एम एल के पी जी कॉलेज के अतिरिक्त एम पी पी इंटर कालेज व बालिका इंटर कॉलेज के भी कैडेट्स मौजूद रहे।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट मदन लाल, बटालियन के बीएचएम लाल बहादुर, हवलदार योगेंद्र कुमार, लैब टेक्नीशियन सी पी श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह,अशोक कुमार, काउंसलर हिमांशु तिवारी,विकास कुमार व सुधांशू आदि मौजूद रहे।

# विशाल गुप्ता बने राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के मसौली ब्लॉक अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के जिला कार्यकारिणी अध्



यक्ष के प्रस्ताव पर शमीम अंसारी ने विशाल गुप्ता को ब्लॉक मसौली का राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है! शमीम अंसारी ने विशाल गुप्ता की प्रशंसा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी जनपद बाराबंकी में गौ सेवा के समर्थित है!जनपद में कहीं पर भी गोवंश इंर्डल हो जाए या बीमार हो जाए तो राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी एवं सदस्य सदैव इलाज व हर संभव मदद के लिए तैयार रहते हैं! विशाल गुप्ता को आज मनोनीत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है कि अब मसौली ब्लाक में भी कोई गोवंश बिना इलाज के नहीं रहेंगा और ना ही कोई गौ हत्या जैसी घटना को अंजाम दे सकेगा शमीम अंसारी ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी को विशाल गुप्ता से उम्मीद है कि आप संगठन की उपेक्षा अनुसार अपने कौशल क्षमताओं से संपूर्ण क्षेत्र में संगठन को विस्तारित कर जिले में हो रहे गौ हत्या पशु क्रूरता व इलाज के अभाव में तड़प रहे गोवंश रोकने हेतु सार्थक प्रयास करेंगे एवं संगठन की प्रदेश एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी को संगठन संचालन में सहयोग करेंगे। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी बाराबंकी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

**राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश**

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |


**बुद्ध का संदेश**

**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक

**स्व. के.सी. शर्मा**

सम्पादक

**राजेश कुमार शर्मा**

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


# जरूरतमंदों तक जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना लक्ष्य

## ओबरा नगर पंचायत क्षेत्र में जिलामंत्री कन्हैयालाल जायसवाल का सघन संपर्क

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा (सोनभद्र)। संघ और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समय पर मूर्त रूप देने के लिए हम सभी संकल्पित हैं। हमारा कर्तव्य है कि प्रधानमंत्री आवास योजना



शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, नगरीय परिवहन, दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, स्मार्ट सिटी मिशन जैसे सरकार की सौ से भी अधिक योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने की पूरी कोशिश करें। जरूरतमंदों को चिह्नित करें और उन योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। हम इस पर लगातार कार्य कर रहे हैं और भविष्य में भी पूरा प्रयास होगा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर मूर्त रूप देने में मददगार सिद्ध हो सकें। उक्त बातें ओबरा नगर पंचायत के वार्ड दो इंदिरा बस्ती और वार्ड एक संत रविदास नगर में घर–घर पहुंचकर भाजपा जिलामंत्री कन्हैयालाल जायसवाल ने कही। जन संपर्क में जिला मंत्री ने कहा कि भारत संघ सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चलाए गए जन कल्याणकारी योजनाओं और उससे लाभान्वित लोगों के बारे में जिलाध्यक्ष अजीत चौबे जी के निर्देशन में जागरूक किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रयास से स्मार्ट होते शहर के मूल में सबका साथ–सबका विकास, सबका विश्वास– सबका प्रयास है। बता दें कि संघ और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संदर्भित पत्रक भी नागरिकों में वितरित किया गया।

# राजकीय स्कूलों में छात्र अनुपात से होगी शिक्षकों की तैनाती

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की तैनाती करने की तैयारी फिर शुरू हो गई है। इसके लिए सभी विद्यालयों के विषयवार छात्रों व शिक्षकों का ब्योरा मांगा गया है।ब्योरा आने के बाद विद्यालयवार समीक्षा होगी और फिर जरूरत के अनुसार शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने शनिवार को सभी डीआईओएस को निर्देश जारी किए हैं।उन्होंने कहा है कि विद्यालयों में शिक्षकों की तर्कसंगत व समानुपातिक तैनाती जरूरी है। इसलिए राजकीय माध्यमिक विद्यालयों का ब्योरा जुटाया जाए। उन्होंने छात्र नामांकन व कार्यरत शिक्षकों का विवरण निर्धारित प्रारूप में दस दिन में निदेशक माध्यमिक शिक्षा कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि ब्योरा जुटाने के बाद न केवल जरूरत के अनुसार शिक्षकों को इधर, उधर किया जाएगा, बल्कि विषयवार कम ज्यादा शिक्षकों व छात्रों के नामांकन की स्थिति की समीक्षा भी हो सकेगी। सूत्र इस कवायद को सरप्लस शिक्षकों के तबादलों से जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि चालू शैक्षिक सत्र में सरप्लस शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन शासन ने इस पर रोक लगा दी थी। राजकीय शिक्षक संघ ने भी इस पर एतराज जताया था।

# परिवार न्यायालय के आदेश पर मकान किया गया कुर्क

## 19 दिसंबर को नौशाद अली के मकान की नीलाम कर वसूली जाएगी रकम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। भरण पोषण मामले में प्रधान न्यायधीश, परिवार न्यायालय को तहसीलदार कार्यालय बांसी द्वारा सन्दर्भ ग्रहण करने की अनुशंसा करते हुए कहा गया कि 04.08.2022 व 22.08.2022 का संदर्भ करें।प्रकीर्ण वाद सं0 516/209 पुराना 223 / 2017 अन्तर जहां बनाम नीसाद अली थाना धर्मसिंहवा में आरोपित भरण पोषण की धनराशि नौसाद अली पुत्र विरजिस ग्राम बलुआ, थाना को० बासी तहसील बासी, का मकान कुर्क कर नीलाम कर वसूल कर प्रेषण करने हेतु निर्देशित किया गया है ।इस संबंध में सादर अवगत कराना है कि नौसाद अली पुत्र विरजिस ग्राम बलुआ थाना की तहसील बांसी जनपद सिद्धार्थनगर का मकान दिनांक 26.11.2022 को कुर्क कर दिया गया है । कुर्की, फर्द सलग्न है। इस प्रकरण में कुर्कशुदा मकान की नीलामी हेतु 19.12.2022 की तिथि नियत कर नीलामी सूचना निर्गत कर दिया गया है।

# माइग्रेन से लेकर साइनस तक, जानें क्या है विभिन्न प्रकार के सिरदर्द में अंतर



सिरदर्द एक बेहद आम समस्या है। यह कई तरह के होते हैं और हर एक के अपने कारण, लक्षण और उपचार के विकल्प भी मौजूद हैं। सिरदर्द माथे से शुरू होकर कान और गर्दन के किनारे और सिर के ऊपरी हिस्से तक अनुभव किया जा सकता है। सभी सिरदर्द जटिलता, तीव्रता और आवृत्ति के संदर्भ में अलग होते हैं। आइए आज हम आपको पांच अलग-अलग तरह के सिरदर्द के बारे में बताते हैं।

माइग्रेनः माइग्रेन में सिर में बहुत तेज दर्द होता है और इसकी तीव्रता भी अधिक होती है। इसमें जल्दी आराम नहीं मिलता है और कभी-कभी यह कई दिनों तक होता है। खाना नहीं खाने से या बहुत ज्यादा तनाव लेने की वजह से आपको माइग्रेन का सिरदर्द हो सकता है। इसमें लोग अपने सिर के किनारों में दर्द महसूस करते हैं और इलाज के लिए दवा पर भरोसा करते हैं। हालांकि इसका कोई ठोस इलाज नहीं है।

तनाव से होने वाला सिरदर्द

घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों की वजह से आजकल हमारा रुटीन ऐसा हो गया है कि हर वक्त तनाव बना रहता है। इसके कारण अक्सर सिर में दर्द होता है। यह दर्द गर्दन और कंधों में तनाव के कारण भी हो सकता है, लेकिन ऐसी स्थिति में यह लंबे समय तक नहीं रहेगा। तनाव से होने वाला सिरदर्द गर्दन के पीछे और किनारों की तरफ मध्यम तीव्रता तक का होता है। इससे राहत पाने के लिए मेडिटेशन बढ़िया विकल्प है।

क्लस्टर सिरदर्द

क्लस्टर सिरदर्द बेहद गंभीर सिरदर्द होता है। इसमें लगातार आंखों के आसपास दर्द और जलन महसूस किया जा सकता है, जिससे आसानी से राहत नहीं मिलती है। यह सिरदर्द इतना तीव्र और भयंकर होता है कि आपका बैठना भी मुश्किल हो जाता है और अन्य असुविधा होती हैं। इससे राहत पाने के लिए आप दवाएं ले सकते हैं जो स्थिति को अधिक सहने योग्य बनाने में मदद करती हैं।

साइनस का सिरदर्द

साइनस एक ऐसी समस्या है जिसमें व्यक्ति की नाक बंद हो जाती है। यह स्थिति एलर्जी, मौसम में बदलाव और ज्यादा ठंडे मौसम के कारण होती है। इसके कारण नाक से पानी आना, सिरदर्द, गले और आंखों में दर्द और आधे सिर में दर्द होने जैसी समस्याएं होती हैं। साइनस के दर्द में आप खुद को थका हुआ भी महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति में सिरदर्द से राहत पाने के लिए आपको डॉक्टर को जरूर दिखाना चाहिए।

मेहनत से होने वाला सिरदर्द

जब आप कोई मेहनत भरा काम या भारी शारीरिक एक्सरसाइज करने के बाद थक जाते हैं तो आपको जो सिरदर्द महसूस होता है, वह मेहनत से होने वाला सिरदर्द है। कई बार शरीर पर अचानक से तनाव आ जाने पर भी यह दर्द महसूस होता है। यह सिरदर्द घंटों तक रहता है और कभी-कभी कुछ दिनों तक भी चलता रहता है। इसमें गर्दन और सिर के एक या दोनों तरफ दर्द होता है।

## ग्रीन कलर की साड़ी पहने कहर ढाती दिखीं अनुष्का सेन

टीवी की स्टार किड अनुष्का सेन हमेशा अपने स्टनिंग लुक्स से फैंस को अपनी ओर अट्रैक्ट करना कभी नहीं भूलती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर



शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत तस्वीरों में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन सोशल मीडिया लवर हैं, और आए दिन अपनी तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर तहलका मचाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने ट्रेडिशनल आउटफिट में एक बार फिर से सोशल मीडिया पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने लाइट ग्रीन कलर की ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अनुष्का सेन इन तस्वीरों में बेहद ही खूबसूरत और स्टनिंग हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने बालों की पोनीटेल बना कर और साथ ही न्यूड मेकअप कर के अपने इस एथनिक लुक की रंगत बढ़ा दी है। मिनिमल ज्वैलरी और स्टाइलिश लुक्स में पोज देकर एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। अनुष्का सेन का ये लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी जमकर तारीफ करते हैं।






## सिद्धार्थ और रश्मिका की फिल्म मिशन मजनू इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी



अब भले ही सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ जमा हो रही हो। बावजूद इसके कई फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की फिल्म मिशन मजनू ने भी ओटीटी की राह पकड़ ली है। मतलब यह कि आप घर पर बैठे-बैठे इस फिल्म का आनंद ले पाएंगे। फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। आइए जानते हैं मिशन मजनू किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर और कब दर्शकों के बीच आएगी। शेरशाह और थैंकगॉड के बाद सिद्धार्थ अब मिशन मजनू में दिखेंगे। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर अगले साल रिलीज होगी। निर्माताओं ने 18 जनवरी, 2023 को फिल्म दर्शकों के बीच लाने की योजना बनाई है। नेटफ्लिक्स जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करने वाला है। दिसंबर, 2020 में इस फिल्म की घोषणा हुई थी। पिछले साल नवंबर में सिद्धार्थ ने फिल्म से अपनी पहली झलक दर्शकों को दिखाई थी। बीते कुछ महीनों में बड़े सितारों की फिल्में धड़ाधड़ फ्लॉप होने के बाद तमाम निर्माताओं ने अपनी फिल्मों की ओटीटी रिलीज का रास्ता तलाशना शुरू कर दिया है। गोविंदा नाम मेरा से लेकर सेल्फी, फ्रेडी, टीकू वेड्स शेरू और खुफिया जैसी फिल्में ओटीटी पर आएंगी। मिशन मजनू की कहानी पाकिस्तान की धरती पर भारत के सबसे महत्वाकांक्षी रॉ ऑपरेशन पर आधारित है। यह फिल्म 1970 के दशक में असली घटनाओं से प्रेरित है। यह फिल्म एक साहसिक जासूसी थ्रिलर होगी। फिल्म देश के ऐसे जांबाज सिपाहियों की कहानी सबके सामने लेकर आएगी, जो देश सेवा में अपनी जान कुर्बान कर देते हैं, लेकिन उनकी कहानियां कभी किसी के सामने नहीं आतीं। फिल्म में रॉ एजेंट बन सिद्धार्थ ऐसी ही कहानी दर्शकों के लिए लेकर आएंगे। मिशन मजनू का इंतजार इसलिए भी बेसब्री से किया जा रहा है, क्योंकि यह साउथ की मशहूर अदाकारा रश्मिका की पहली हिंदी फिल्म है। वह इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी सिद्धार्थ के साथ बनी है। शांतनु बागची ने फिल्म का निर्देशन किया है। रॉनी स्क्रूवाला, अमर बुटाला और गरिमा मेहता ने मिलकर इस फिल्म को बनाया है। सिद्धार्थ-रश्मिका के अलावा कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी इसमें अहम भूमिका में दिखेंगे। सिद्धार्थ एक्शन से लबरेज फिल्म योद्धा में भी काम कर रहे हैं। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में उनके साथ दिशा पाटनी हैं। दूसरी तरफ रश्मिका फिल्म पुष्पाः द रूल में नजर आएंगी। पुष्पा में श्रीवल्ली के किरदार से वह देशभर में लोकप्रिय हो गई थीं। एनिमल और आरसी16 भी उनकी आने वाली फिल्मों में शुमार हैं। एनिमल में जहां रश्मिका को रणबीर कपूर का साथ मिला है, वहीं आरसी16 में वह राम चरण तेजा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

## विश्वक सेन की पैन इंडिया दस का धमकी फरवरी 2023 में रिलीज होगी

टॉलीवुड स्टार विश्वक सेन, जिन्होंने अपनी 2019 की फिल्म फलकनुमा दास के साथ एक लेखक और निर्देशक के रूप में अपनी




क्षमता साबित की, वह अपनी पैन-इंडिया फिल्म दस का धम्मकी का निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका भी निभाई है। यह फिल्म फरवरी 2023 में तेलुगु, तमिल, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म एक्शन थ्रिलर के शेड्स के साथ एक रोम-कॉम है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जो गुरुवार को जारी किया गया था, विश्वक स्टाइलिश लेकिन रफ लुक में एक कान की बाली और एक घड़ी पहने हुए है। धमकी भरे अंदाज में अपनी भौंहों को ऊपर उठाना मानो किसी को धमकी (धमकी) दे रहे हो। पेचीदा फर्स्ट-लुक पोस्टर इंगित करता है कि विश्वक सेन फिर से फिल्म में एक बड़े पैमाने पर और एक्शन से भरपूर किरदार निभा रहे हैं। वनमय क्रिएशन्स और विश्वकसेन सिनेमा बैनर के तहत कराटे राजू द्वारा निर्मित, फिल्म में निवेथा पेथुराज मुख्य भूमिका में हैं।प्रसन्ना कुमार बेजवाड़ा ने फिल्म के लिए संवाद प्रदान किए हैं। फिल्म की शूटिंग इन दिनों हैदराबाद में चल रही है। यूनिट के सूत्रों ने कहा कि इस सप्ताह के अंत तक पूरी उत्पादन औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। आरआरआर और हरि हारा वीरा मल्लू के लिए स्टंट कोरियोग्राफ करने वाले बल्गेरियाई फाइट मास्टर्स टोडर लाजारोव-जूजी ने फिल्म के क्लाइमेक्स फाइट को कोरियोग्राफ किया है। रामकृष्ण मास्टर, जो बिंबिसार का हिस्सा थे, ने एक एक्शन एपिसोड को कोरियोग्राफ किया और वेंकट मास्टर ने एक स्टाइलिश एक्शन ब्लॉक का पर्यवेक्षण किया। दिनेश के. बाबू कैमरा चलाते हैं, जिसमें लियोन जेम्स संगीत देते हैं जबकि अनवर अली संपादक हैं। राव रमेश, हाइपर आदि, रोहिणी और पृथ्वीराज फिल्म के अन्य प्रमुख कलाकार हैं।

## स्किन को करना है रिपेयर तो घर पर बनाए ये नाइट क्रीम



अगर आप अच्छी और हेल्दी स्किन चाहती हैं तो उसके लिए यह ध्यान रखे कि नाइट क्रीम बहुत जरूरी होती है। जी हाँ और नाइट क्रीम का काम स्किन रिपेयरिंग के साथ डेड सेल को रिमूव कर न्यू सेल्स का निर्माण करना होता है। नाइट क्रीम ऐसी होनी चाहिए, जो आपके स्किन को सभी आवश्यक पोषक प्रदान कर डीप लेयर तक जाए, साथ ही एजिंग प्रोसेस को भी धीमा करे। वैसे आज के समय में बाजार में कई ब्रांड में प्रोफेशनल और एडवांस नाइटक्रीम उपलब्ध है लेकिन इसे घर पर भी तैयार किया जा सकता है। आज हम आपको उन्ही के बारे में बताने जा रहे हैं। एलोवेरा जेल नाइट क्रीम- एलोवेरा स्किन के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। यह नाइट क्रीम के तौर पर आपकी त्वचा को रात भर पोषण देगी। आप एलोवेरा में आमंड ऑयल और गुलाब जल आदि मिला कर नाइट क्रीम तैयार कर सकते हैं। जी हाँ और इस क्रीम का उपयोग करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप रात में अपना चेहरा धो लेने के बाद इसे लगाएं। नाइट क्रीम की थोड़ी मात्रा लें और इसे कम से कम 2 मिनट के लिए सर्कुलर मोशन में मसाज करें। इसको बनाने के लिए एलोवेरा जेल 2 से 3 टीस्पून, गुलाब जल 1 से 2 टीस्पून, बादाम का तेल 1 टीस्पून, लैवेंडर का तेल 7-8 बूंद ले लें। सबसे पहले एक बाउल लें और उसमें एलोवेरा जेल और गुलाब जल मिलाएं। उसके बाद इसमें एक चम्मच बादाम का तेल और कुछ बूंदे लैवेंडर ऑयल की मिलाएं। अच्छी तरह मिलाएं। अब लीजिये नाइट क्रीम तैयार है। इसे एक कंटेनर में स्टोर करें और इसे रेफ्रिजरेट करें! गुलाब जल और कोकोआ बटर नाइट क्रीम- इसको बनाने के लिए आपको चाहिए कोको बटर 2 चम्मच, गुलाब जल 2 से 3 चम्मच, शहद 1 चम्मच और बादाम का तेल1 चम्मच चाहिए। सबसे पहले एक बाउल में सारी सामग्री एक साथ मिला लें। इसके बाद इसमें कोकोआ बटर और बादाम का तेल डालकर धीमी आंच पर गर्म करें। अब इसको ठंडा कर लें। ठंडा होने पर इसमें शहद और गुलाब के साथ जल मिलाएं। अब इसे एक बॉटल में रखें और रोज लगाएं। ऑलिव ऑयल से बनी नाइट क्रीम- इसे बनाने के लिए आपको चाहिये होगा 1½ कप वर्जिन ऑलिव ऑयल, 2 बड़े चम्मच कोकोनट ऑयल, 1 बड़ा चम्मच वैक्स। सबसे पहले ऑलिव ऑयल, कोकोनट ऑयल और वैक्स् को एक सॉस पैन में धीमी आंच पर तब तक मिलाएं जब तक कि यह मेल्ट न जाए। अब क्रीम को ठंडा होने दें और फ्रिज में एक कंटेनर में स्टोर करें। इसको आप चाहे तो करीब 1 महीने तक इस्तेमाल कर सकते हैं।